हरिभूमि
रायपुर भूमि

- रात का तापमान भी पांच डिग्री ज्यादा, आने वाला विक्षोभ कम नहीं होने देगा तपिश
- जनवरी में दर्जनभर पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित होती रही ठंड अब उम्मीद कम

राजधानी का औसत तापमान 31 डिग्री, इस बार शुरुआत ही 34 के साथ, गर्म रहेगा फरवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी का औसत तापमान फरवरी में 31 डिग्री के आसपास होता है मगर इस बार शुरूआत ही 34 डिग्री सेल्सियस के साथ हुई है। रात का पारा भी पांच डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा जिसे आने वाला पश्चिमी विक्षोभ कम नहीं होने देगा। उत्तरी हवा का प्रभाव कम होने की वजह से इस बार फरवरी में भी ज्यादा गर्मी पड़ने की संभावना है।

हरिभूमि सरोकार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जनवरी के महीने में आने वाले करीब दर्जनभर पश्चिमी विक्षोभ ने भारतीय सीमा को प्रभावित किया है। इसकी वजह से उत्तरी हिस्सों को छोड़कर शेष इलाकों में तो ठंड का कोई खास असर नहीं हुआ है। विभागीय अध्ययन ▶▶|शेष पेज 13 पर

पिछले तीन साल ठंड से शुरुआत

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल से फरवरी की शुरूआत ठंड के साथ हो रही थी। वर्ष 2024 में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने की वजह तापमान में कमी आने से ठंड बढ़ी थी। वर्ष 2023 में जनवरी के अंतिम दिनों पड़ रही ठंड का प्रभाव फरवरी की शुरूआत में भी हुआ था और वर्ष 2022 में ठंड की स्थिति ठीक ठाक थी। इस बार गर्मी ने अपना असर दिखाया है।

पिछले दस सालों में फरवरी का पारा

वर्ष	अधि. तापमान	वर्ष	अधि. तापमान
2015	35.8	2020	32.5
2016	37.1	2021	36.2
2017	35.7	2022	34.4
2018	35.8	2023	36.2
2019	34.8	2024	34.4

2025 में 2 फरवरी को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अब दिन का पारा परिवर्तनशील

मौसम विशेषज्ञों कहना है कि जनवरी तक अक्सर न्यूनतम तापमान में फेरबदल होता रहता है, मगर फरवरी से बदलाव का ज्यादा असर दिन के अधिकतम तापमान में नजर आने लगता है। इस महीने दिन का पारा कभी तेजी तो कभी धीमी गति से वृद्धि की ओर अग्रसर होता है। अभी 3 के बाद 8 फरवरी को आने वाला पश्चिम विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसका असर दिन में पड़ रही गर्मी के बढ़ने के रूप में अनुभव होगा।

खबर संक्षेप

90 यात्रियों के साथ पूरी हुई झारसुगुड़ा-रायपुर की पहली उड़ान

रायपुर। झारसुगुड़ा-रायपुर के बीच पहले फेरे की उड़ान 90 यात्रियों के साथ पूरी हुई। झारसुगुड़ा से रायपुर आई फ्लाइट में 49 यात्री सवार थे और 41 वापसी की उड़ान में शामिल रहे। यह फ्लाइट सप्ताह में चार दिन दोनों शहरों के बीच आवाजाही करेगी। एयरलाइंस कंपनी ने पहली उड़ान में शामिल यात्रियों का स्वागत किया। इस फ्लाइट के माध्यम से रायपुर और झारसुगुड़ा आपस में हवाई मार्ग से जुड़ गए हैं। क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत संचालित होने वाले एयरक्रॉफ्ट की क्षमता 76 सीटर है। यह फ्लाइट दोनों शहरों के बीच का सफर 50 मिनट में पूरा करेगी।

25 किलो गोमांस बरामद, बुजुर्ग गिरफ्तार

रायपुर। मंदिर हसौद पुलिस ने एक बुजुर्ग के कब्जे से 25 किलो गोमांस जब्त किया है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने मंदिर हसौद रावणभाठा निवासी कोमल मेहर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में कोमल ने पुलिस को बताया कि वह पहले से मरी हुई गाय का मांस को ले जा रहा था। कोमल के पास गोमांस होने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मंदिर हसौद थाने पहुंच गए। कोमल के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता शांत हुए।

बिना रायल्टी खनिज परिवहन करते 10 हाइवा जब्त

रायपुर। नवा रायपुर में अवैध उत्खनन की लगातार शिकायत मिलने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर माना, राखी, मुजगहन पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी तथा खनिज विभाग की एक संयुक्त टीम ने शनिवार को जांच अभियान चलाया। जांच टीम ने नवा रायपुर के अलग-अलग इलाकों से बगैर रॉयल्टी तथा ओवरलोड रेत, चूना पत्थर परिवहन करते 10 हाईवा जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग के सुपुर्द की है।

सात किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। कबीर नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रायपुर तथा दुर्ग के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 70 हजार रुपए कीमत की सात किलो गांजा जब्त की है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में कबीर नगर निवासी बंटी शाह, दुर्ग, कुम्हारी निवासी अजय धृतलहरे, प्रहलाद यादव उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को जरवाय के पास गांजा बिक्री करने ग्राहक तलाश करते गिरफ्तार किया है।

राजधानी में ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों के खिलाफ नया इंतजाम

वाहनों का ई-चालान कटते ही अब पांच मिनट में आएगा संदेश, दस मिनट में ऑनलाइन भुगतान भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की मुसीबत शुरू हो गई है। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चालकों को उनकी लापरवाही की सजा देने रविवार से नई व्यवस्था शुरू की गई है। अब ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले चालकों को पांच मिनट के भीतर ई-चालान भेजा जाएगा।

खास खबर

ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ राजधानी में रोजाना एक हजार से ज्यादा ई-चालान काटे जाते हैं। जिन वाहन चालकों के ई-चालान काटे जाते हैं, उन्हें चालान होने की जानकारी आठ से दस दिन बाद मिलती है। ऐसे में विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों को पांच मिनट के भीतर ई-चालान मिल सके, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने स्मार्ट सिटी प्रबंधन से संपर्क कर आईटीएएमएस को अपडेट करते हुए पांच मिनट में ई-चालान जनरेट होने की व्यवस्था किए जाने की मांग की। ट्रैफिक पुलिस की मांग के आधार पर स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने आईटीएमएस सॉफ्टवेयर को अपडेट करते हुए पांच मिनट में ई-चालान जनरेट करने की व्यवस्था की है।

प्रयोग के तौर पर शुरुआत में रोजाना सौ ई-चालान भेजे जाएंगे

शुरुआत में सौ चालकों के पास पहुंचेगा चालान

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों को पांच मिनट में ई-चालान मिले, इसके लिए प्रयोग के तौर पर शुरुआत में सौ वाहन चालकों को ई-चालान जनरेट कर भेजा जाएगा। प्रयोग सफल होने पर ई-चालान भेजने की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके बाद ट्रैफिक नियम तोड़ वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों को पांच मिनट के अंदर ई-चालान भेजा जाएगा।

एसएसपी के निर्देश पर व्यवस्था

शहर में लगातार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने की शिकायत मिलने के बाद पिछले दिनों एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह आईटीएएमएस का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां पहुंचने के बाद एसएसपी ने देखा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को ई-चालान आठ से दस दिन में मिल रहा है। इसके बाद एसएसपी ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को तत्काल ई-चालान भेजने की व्यवस्था करने निर्देश दिए।

रोजाना एक हजार से ज्यादा ई-चालान

राजधानी में ट्रैफिक उल्लंघन करने के मामलों में रोजाना औसतन एक हजार से ज्यादा ई-चालान काटे जाते हैं। साथ ही ट्रैफिक थाने में चार सौ के करीब लोग रोजाना ई-चालान की राशि जमा करने पहुंचते हैं। ई-चालान जनरेट होने में आठ से दस दिन का समय लगने से ट्रैफिक पुलिस को चालानी राशि मिलने में भी देर होती है। पांच मिनट के भीतर ई-चालान जनरेट होने से ट्रैफिक पुलिस को समय पर चालान की राशि मिल सकेगी, साथ ही राजस्व में भी वृद्धि होगी।

ट्रैफिक व्यवस्था में होगा सुधार

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार तत्काल ई-चालान काटे जाने से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर अंकुश लगेगा। राजधानी में ज्यादातर ट्रैफिक सिग्नल जंप करने के साथ ही रांग साइड वाहन चलाने की घटनाएं सामने आती हैं। ज्यादातर ऑटो, ई-रिक्शा के साथ दोपहिया वाहन चालक रांग साइड तथा सिग्नल जंप करते हैं, जिनकी वजह से एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं।पांच मिनट में ई-चालान काटे जाने की व्यवस्था शुरू होने से ट्रैफिक पुलिस को बेवजह विवाद से मुक्ति भी मिलेगी। विवाद की स्थिति निर्मित होने पर ट्रैफिक पुलिस, वाहन चालक को आईटीएमएस के फूटेज दिखाकर उनकी गलती बता सकती है। साथ ही ई-चालान जनरेट होने पर दस मिनट के भीतर ऑनलाइन पेमेंट करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि में कमीशन वसूलने बनाए थे सात पाइंट

- रोशन ने करीबी से मिलकर उगाही की शुरुआत सूरजपुर से की
- विशेष प्रोत्साहन राशि के बदले कमीशन देने मोतीमहल में राइस मिलरों को धमकाया गया

कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में एसीबी ने कोर्ट में पेश किया साढ़े तीन हजार पन्नों का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

140 करोड़ रुपए के कस्टम मिलिंग घोटाले के लेकर एसीबी तथा ईओडब्ल्यू के वकील ने शनिवार को कोर्ट में जो चार्जशीट पेश की है, उसमें मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी तथा राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रोशन चंद्राकर ने राइस मिलरों से कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि में किस तरह से कमीशन लिया, इसका खुलासा किया है। चार्जशीट में इस बात का उल्लेख है कि जिन अफसरों ने राइस मिलरों से कमीशन वसूली पर ध्यान नहीं दिया, उनका अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया।

चार्जशीट में इस बात का उल्लेख है कि कस्टम मिलिंग के एवज में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि में कमीशन वसूलने रोशन चंद्राकर ने रायपुर स्थित मोतीमहल में सबसे पहले राइस मिलरों की बैठक बुलाई। इस दौरान ▶▶|शेष पेज 13 पर

सप्ताह में चार दिन मार्कफेड एमडी का केबिन था ठिकाना

जांच में यह बात भी सामने आई है कि रोशन चंद्राकर सप्ताह में चार दिन मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी के केबिन में घंटों बैठते थे। रोशन जब मनोज के केबिन में होता था, तब केबिन में किसी की एंट्री नहीं होती थी। साथ ही रोशन चंद्राकर जब भी मनोज के साथ मिलने मार्कफेड मुख्यालय जाता था। एंट्री रजिस्टर में रोशन हस्ताक्षर नहीं करता था।

वसूली की शुरुआत सूरजपुर जिले से

एसीबी की जांच में तथ्य सामने आया है कि रोशन चंद्राकर ने सूरजपुर में अपने करीबी संदीप मित्तल के साथ मिलकर राइस मिलरों के ऊपर दबाव बनाकर प्रोत्साहन राशि जारी करने के एवज में कमीशन वसूली की शुरुआत की। रोशन चंद्राकर ने इसी तरह से सभी जिलों में अपने करीबियों के माध्यम से राइस मिलरों के ऊपर प्रोत्साहन राशि देने के बदले कमीशन देने दबाव बनाया।

बिजली की कीमत में स्टील उद्योग को राहत, पर सरिया के दाम नहीं होंगे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टील उद्योगों को प्रदेश सरकार ने राहत देते हुए बिजली बिल के ऊर्जा प्रभार में एक रुपए प्रति यूनिट की राहत दे दी है, लेकिन इसका कोई भी फायदा सरिया लेने वालों को मिलने वाला नहीं है। सरिया की कीमत के कम होने की किसी भी संभावना से मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन ने इनकार किया है। उनका कहना है, सरिया की कीमत पहले ही बहुत कम है और उद्योगों को इसके कारण घाटा हो रहा है। ऐसे में और कीमत कम करना संभव नहीं होगा।

प्रदेश के स्टील उद्योग ने बीते साल बिजली की कीमत में राहत की मांग को लेकर लगातार आंदोलन किया और प्रदेश सरकार से इस मामले में चर्चा की। तब उद्योगों को इसमें कोई सफलता नहीं मिली।

एसोसिएशन ने कहा- सरिया की कीमत पहले ही कम, और कम करना संभव नहीं

कीमत कम करना संभव नहीं

प्रदेश सरकार ने बिजली की कीमत कम करके उद्योगों को राहत देने का काम जरूर किया है, लेकिन सरिया की कीमत पहले ही कम होने के कारण उद्योगों को घाटा सहना पड़ रहा है। लागत से कम कीमत पर अभी सरिया बिक रहा है, ऐसे में कीमत और कम करना संभव नहीं होगा।

- **मनीष धुप्पड़**, महासचिव, मिनी स्टील प्लांट

सरिया के दाम पर नहीं होगा असर: स्टील उद्योगों को बिजली की कीमत में जो राहत मिली है, उसके बाद इस बात की संभावना जताई जा रही थी कि अब अपना आशियाना बनाने वालों को सरिया की कीमत कम होने से लाभ होगा। इसी साथ सरकारी कामों में भी सरिया की कीमत कम होने से लागत कम होगी, लेकिन आम आदमी को किसी तरह से राहत मिलने वाली नहीं है। इसके पीछे का कारण यह है कि सरिया की कीमत इस पहले से ही कम बताई जा रही है। इस समय सरिया की कीमत 53 हजार रुपए टन के आसपास है।

तीन मुक्तिधामों की हवा शुद्ध करने स्क्रबर के साथ लगेगी चिमनी

- किया टेंडर, निकाय चुनाव के बाद तय होगी एजेंसी
- दिल्ली सहित देश के केवल 3 शहरों में है ऐसी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में नवाचार के तहत नगर निगम शहर के 3 शवदाह गृहों में एयर फिल्टर के लिए स्क्रबर व चिमनी लगाकर वायु शुद्ध करने की व्यवस्था करेगा। इसके लिए एजेंसी तय करने निगम ने 70 लाख का टेंडर किया है। निकाय चुनाव की आचार संहिता हटते ही इसके लिए एजेंसी तय की जाएगी। इनमें मारवाड़ी श्मशानघाट, महादेवघाट और देवेंद्र नगर शवदाह गृह शामिल हैं। शवदाह के दौरान वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने यह पहल की जा रही है।

टेंडर फाइनल, जल्द तय होगी एजेंसी

शहर के 3 शवदाह गृहों में वायु शुद्ध करने स्क्रबर और चिमनी लगाई जाएगी। इसकी स्थापना के लिए एजेंसी तय करने टेंडर हुआ है। निकाय चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद एजेंसी तय होगी। जो कि सेटअप के साथ मशीन लगाकर अनुबंध के तहत उसका मेंटेनेंस करेगी। 2 से 3 माह में यह कार्य पूरा होगा।

- **अंशुल शर्मा**, ईई, ननि रायपुर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

निविदा में लगाया फर्जी प्रमाणपत्र, एफआईआर दर्ज कराएगा चिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीएसएनएल द्वारा जारी निविदा में भाग लेने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरुद्ध चिप्स के सीईओ ने सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। चिप्स के सीईओ के अनुसार मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाणपत्र के संबंध में जांच करने पर यह संज्ञान में आया कि ऐसा अनुभव प्रमाणपत्र चिप्स ने दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड को कभी जारी ही नहीं किया था।

चिप्स ने पत्राचार के माध्यम से दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड से यह जानने का हरसंभव प्रयास किया कि यह अनुभव प्रमाणपत्र उन्हें कैसे और किसकी मदद से मिला, परंतु दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने अब तक अपेक्षित जानकारी नहीं दी है। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए इस घटना की पूर्णतः निष्पक्ष और व्यापक जांच हेतु सीईओ चिप्स ने 2 फरवरी 2025 दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में आवश्यक कार्यवाही करने के पत्र प्रेषित किया है। गौरतलब है कि बीएसएनएल द्वारा जारी निविदा में भाग लेने दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने चिप्स के भारतनेट फेज-2 परियोजना के अनुभव प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किया है।

खबर संक्षेप

केंद्रीय बजट निराशाजनक एवं दिशाहीन : कांग्रेस

आरंग। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025 का केंद्रीय बजट पेश किया। इस बजट को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के महामंत्री प्यारेलाल साहू ने घोर निराशाजनक एवं दिशाहीन करार दिया। श्री साहू ने कहा कि इस बजट में गरीब गरीब ही रहेगा और अमीर अमीर होता जाएगा देश के किसान धरने पर बैठे हैं, लेकिन बजट में एमएसपी की कोई बात नहीं की गई है। देश में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी की जबरदस्त मार के साथ सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा आदि जैसे बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण देश की 140 करोड़ जनसंख्या वाला भारत के लोगों का जीना दूभर हो गया है, जिसका केंद्रीय बजट के माध्यम से निवारण होना जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य से इस बजट में इन सब के लिए कुछ भी नहीं है। श्री साहू ने आगे कहा की ऐसा लगता है यह बजट देश का बजट न रहकर केवल चुनावी राज्यों दिल्ली व बिहार में मतदाताओं को लुभाने के लिए बनाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहती है 12 लाख तक कोई टैक्स नहीं है दूसरी तरफ यह भी कहती है की 8 से 12 लाख रुपए के लिए 10 प्रतिशत का स्लैब है जो पूरी तरह भ्रामक है। श्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के लिहाज से भी देखा जाए तो यह बजट पूरी तरह छलावा एवं ठगने वाला है। छ.ग. केंद्र को सबसे ज्यादा रेवेन्यू देने वाले राज्य में शुमार है, बावजूद इस बजट में छत्तीसगढ़ की झोली में कुछ भी नहीं आया। छ.ग. में नई राजधानी क्षेत्र में एम्स प्रोजेक्ट अटका हुआ है, लेकिन बजट में उसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। राज्य की अधूरी पड़ी रेलवे परियोजनाओं रायपुर-बलौदा-रायगढ़ रेल लाइन और रावघाट प्रोजेक्ट के लिए भी कोई विशेष घोषणा नहीं हुई। कुल मिलाकर इस बजट में भी मोदी सरकार जनता के हित को पूरा करने में पूरी तरह से विफल रही। इस बजट से केवल लोगों के आंख में धुल झोंकने का प्रयास किया गया है।

कुकरा मड़ई 8 को

आरंग। ग्राम कुकरा में श्रीकृष्ण युवा क्लब एवं ग्रामवासियो के संयुक्त तत्वाधान में 8 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन हेतु मोर मयारू छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम छेड़िया भरदा (बालोद) की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

गिदवानी ने किया जनसंपर्क मिला जनता का आशीर्वाद

रायपुर। पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-57 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमर गिदवानी ने पीएमटी कॉलोनी, चपरासी कॉलोनी के साथ वार्ड के कई प्रमुख क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान जनता का आशीर्वाद एवं समर्थन उन्हें प्राप्त हुआ। आगामी 11 तारीख को मतदान में उन्हें भारी बहुमत से जीतने का आशीर्वाद वार्डवासियों ने दिया। लोगों का कहना है कि हमें ऐसा ही पार्षद चाहिए, जो हमारी समस्याओं को सुनकर उसका तत्काल निवारण कर सके और हमारे बीच हमेशा उपलब्ध रहे।

मुख्यमंत्री का 10 नगर निगमों में होगा रोड शो, कोरबा और रायगढ़ से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा का बड़ा फोकस 10 नगर निगमों पर है। भाजपा सभी निगमों को जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। इन नगर निगमों के लिए ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो की योजना तैयार की गई है। 5 फरवरी को कोरबा और रायगढ़ में रोड शो से आगाज होगा। अंत में चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर और धमतरी में 9 फरवरी को रोड शो किया जाएगा। रोड शो को भव्य बनाने के लिए हर निगम में अलग से योजना तैयार की जा रही है। इनमें भारी भीड़ भी जुटाई जाएगी।

- चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर और धमतरी में होगा 9 फरवरी को रोड शो

नगरीय निकाय चुनाव में प्रचार का पूरा जिम्मा प्रदेश के मंत्रियों, सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के स्थानीय नेताओं पर ही है। चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की कोई सूची भी जारी नहीं की गई है। ज्यादातर स्थानों में स्थानीय नेताओं के साथ प्रदेश के मंत्रियों की सभाएं होंगी। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो कराने का फैसला किया गया है। अभी तक रोड शो के साथ किसी भी तरह की सभा की योजना नहीं है, लेकिन आने वाले समय में सभाएं भी कराने की योजना शामिल हो सकती है।

बस स्टैंड निर्माण के बाद ट्रैफिक जाम और सड़क चौड़ीकरण बना मुख्य मुद्दा

पिछले तीन पार्षद चुनाव में कांग्रेस ही किंग, इस बार मुकाबला युवाओं में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्ड क्रमांक-61 में भी इस बार रोचक मुकाबला है। यहां कब, कौन पार्टी विजयी घोषित हो जाए, यह राजनीतिक विशेषज्ञ भी नहीं बता पाते हैं। अब तक के चुनावी नतीजों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यहां पार्टी नहीं बल्कि प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि ही मायने रखती है।

राज्य बनने के बाद शुरुआती चुनाव में यहां भाजपा को जीत मिली, लेकिन पिछले तीन बार से यहां कांग्रेस ही किंग है। टिकरापारा क्षेत्र के महिला आरक्षित हो जाने के कारण कांग्रेस पार्षद सतनाम पनाग ने यहां से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। इस बार पार्टी ने उन्हें टिकरापारा से टिकट दी है और उनकी जगह कांग्रेस ने ब्रम्हा सोनकर को मैदान में उतारा है। उनके विरोध में भाजपा के रवि सोनकर मैदान में हैं। बस स्टैंड निर्माण के बाद इस क्षेत्र के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से रोजना दो-चार होना पड़ रहा है। ऐसे में यहां के रहवासियों के लिए ट्रैफिक जाम और सड़क चौड़ीकरण मुख्य मुद्दा बना हुआ है। दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी युवा और पढ़े-लिखे हैं। 34 वर्षीय ब्रम्हा सोनकर ने राजनीति विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पब्लिक एडवरटाइजिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की हुई है और वर्तमान में पीएचडी कर रहे हैं।

आमने-सामने

समस्याओं पर सरकार का ध्यान नहीं, ट्रैफिक जाम से परेशानी

कांग्रेस प्रत्याशी ब्रम्हा सोनकर कहते हैं, भाजपा को सत्ता में आए सालभर से ऊपर हो गए हैं। बस स्टैंड निर्माण के बाद यहां ट्रैफिक जाम का सामना लोगों को रोजाना करना पड़ता है। सरकार सड़क चौड़ीकरण नहीं करा पाई है। स्कूली बच्चों से लेकर कामकाजी वर्ग और सभी को रोजाना ट्रैफिक में लंबे वक्त के लिए फंसना पड़ता है। मैं छात्रजीवन से ही लोगों से जुड़ा हुआ हूं, लोगों की समस्याएं समझता हूं। ऐसे मेंयदि जनता कांग्रेस को मौका देती है तो हम पूरी कोशिश करेंगे कि लोगों को जाम से मुक्ति दिलाए।

ब्रम्हा सोनकर
कांग्रेस प्रत्याशी

15 वर्षों में कुछ नहीं कर सकी कांग्रेस, परिवर्तन जरुरी

भाजपा से पार्षद प्रत्याशी रवि सोनकर वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैं। इस वार्ड में बीते 15 वर्षों से कांग्रेस ही जीतते आई है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी यहां सत्ता परिवर्तन की मांग करते हुए भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे हैं। चूंकि दोनों ही पार्टी ने युवाओं को मैदान में उतारा है, इसलिए यहां चुनाव-प्रचार से लेकर अन्य चीजों में अलग ही स्तर की ऊर्जा देखने को मिल रही है। सुबह से लेकर देर रात तक दोनों युवा प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपील करते नजर आ रहे हैं।

रवि सोनकर
भाजपा प्रत्याशी

वार्ड नंबर-61
संत रामदास वार्ड

कुल मतदाता	: 15633
पुरूष मतदाता	: 7888
महिला मतदाता	: 7744
तृतीय लिंग	: 1

परिसीमन क्षेत्र- सोनकर पारा, साहू पारा, अवधपुरी कॉलोनी, केसरी बगीचा, ढेबर सिटी, भाठागांव सब्जी बाजार

सड़क सुरक्षा सप्ताह में खेलकूद प्रशिक्षण व आंखों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा से 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के द्वारा संयंत्र के ट्रक यार्ड परिसर में लाजिस्टिक्स प्रमुख सोमदत्त कठवार के मार्गदर्शन में 24 जनवरी से 1 फरवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें संयंत्र में सीमेंट लोडींग हेतु आने वाले वाहन चालकों और कर्मचारियों हेतु विभिन्न अलग-अलग तरह के कार्यक्रम एवं खेलकूद जैसे गतिविधियों का आयोजन किया गया। सप्ताह में चालकों का स्वास्थ जांच, नेत्र जांच, भारी वाहनों में रेडियम लगाना, सड़क के आसपास के वृक्षों में रेडियम लगाना, वी आर के माध्यम से चालकों को प्रशिक्षण देना, आनलाईन प्रश्नोत्तरी का आयोजन, प्रजापति ब्रम्हकुमारी द्वारा मन की एकाग्रता हेतु ध्यान शिविर,क्रिकेट,सड़क सुरक्षा रैली और पोस्टर प्रतियोगिता निः शुल्क भोजन व्यवस्था जैसे कार्यक्रम रखे गये थे जिसमें पूरे उत्साह के सांथ उपस्थित समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया और ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए प्रसन्नता और आभार अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों में जागरूकता और जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन हेतु उनको प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक 1 फरवरी को था जिसमें संयंत्र के अधिकारीगण एफ.एच.टी. राजीव सिंघल,एफ.एच.माइंस अशोक सिन्हा सहित संयंत्र सुरक्षा प्रमुख आलोक पाठक उपस्थित रहे।

कूंराराज देवांगन समाज ने परमेश्वरी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां / कूंरा

नगर पंचायत कूंरा में बसंत पंचमी के अवसर पर कूंराराज देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी जयंती दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से समाज प्रमुख के आदेशानुसार समाज के समस्त व्यापारियों का छोटे से लेकर बड़े दुकान भी पूर्ण रूप से बंद रखकर अपने समस्त परिजनों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम युवाओं द्वारा डीजे साउंड के धुन पर भव्य रूप से बाइक रैली निकली गई। नगर भ्रमण किया उसके बाद राम भजन की धुन पर नन्हे बालिकाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचे । उसके बाद सामाजिक प्रांगण पर मां परमेश्वरी की पंडितजी द्वारा हवन पूजा कर भंडारा का आयोजन कर प्रसाद ग्रहण किए कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज प्रमुख सहित कूंरा राज देवांगन समाज के लोग पूर्ण रूप से अपना सहयोग प्रदान किए।

- व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर निभाई सहभागिता

छात्रों और शिक्षकों ने ली नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ

आरंग। नवीन शासकीय महाविद्यालय तामसिवनी में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सभी छात्रों और शिक्षकों ने नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ ली। जिसमें उन्होने संकल्प लिया कि हम स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराएंगे। यह शपथ हमें अपने जीवन में नशा छोड़ने और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रेरणा देती है। नशा मुक्ति केवल व्यक्तिगत संकल्प नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। हमें एकजुट होकर इस समस्या से लड़ना होगा। कॉलेज में ली गई यह शपथ हमें याद दिलाती है कि एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के लिए नशा मुक्त समाज बनाना आवश्यक है।

- नवीन शासकीय महाविद्यालय तामासिवनी में नशा मुक्ति अभियान

23 साल पुराने विद्यार्थी और शिक्षक मिले, खुशियां की साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2001-02 में तीनों संकाय कला, विज्ञान, गणित के अध्ययनरत छात्र- छात्राओं द्वारा छात्र शिक्षक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हायर सेकंडरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 23 वर्ष पूर्व 12 वीं कक्षा से निकले सहपाठियों व उस समय के शिक्षकों को एकसाथ एक मंच पर एकत्रित करना एवं आपसी मेलजोल को मजबूत बनाना था। आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सभी छात्र व शिक्षक बहुत उत्सुक थे। जिसमे 50 से भी अधिक विद्यार्थी पूरे परिवार के साथ व 10 शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को शाल, श्रीफल मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को लाटरी सिस्टम से मंच में बुलाकर परिचय कराया गया। आयोजन में सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया। क्षेत्र में पहली बार इस तरह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने खुशियां की साझा। आयोजन के दौरान खुशनुमा माहौल रहा और हंसी-मजाक का दौर चलता रहा।

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सत्र 2001-02 के विद्यार्थियों- शिक्षकों का सम्मेलन
- परिवार के साथ पहुंचे, शिक्षकों का किया सम्मान

बसंत पंचमी को यादगार बनाने पीपला ने लगाए आम के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बसंत पंचमी के अवसर पर रविवार को नगर के सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने हाईस्कूल मैदान में आम के पौधे रोपित कर हरियाली का संदेश दिया।

ज्ञात हो कि यह संगठन नगर में लगातार पौधरोपण कर उसे सुरक्षित कर रहे हैं। फाऊंडेशन के सचिव अभिमन्यु साहू ने बताया बसंत पंचमी को ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विशेष रूप से पूजा आराधना होती है। साथ ही मां सरस्वती को आम्र मंजरी चढ़ाई जाती है। इसलिए फाउंडेशन के सदस्यों ने आम का पौधा लगाकर जनमानस को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दिए। पौधरोपण पश्चात लगाये पौधे की सिंचाई व सुरक्षित भी किया गया। इस तरह यह संस्था विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण कर नगर में हरियाली लाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। वही पौधरोपण में फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, सक्रिय सदस्य होरीलाल पटेल,राकेश जलक्षत्री, भागवत जलक्षत्री, चेतन सोनकर ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

चौधरी बोले- विकसित भारत बनाने मोदी दे रहे राज्यों को बड़ी मदद, छत्तीसगढ़ को भी कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि भारत की जो अर्थव्यवस्था है, वह बहुत ही तेजी से बढ़ रही है। आज दुनिया की जितनी मेजर इकॉनॉमी है, उनमें बड़ी तेजी से भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जिस विजन के साथ देश आगे बढ़ रहा है, वह विजन उनके हर बजट में दिखाई पड़ता है। 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का एक स्पष्ट लक्ष्य और उसके लिए एक सुविचारित दृष्टिकोण प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को दिया है और उसके अनुरूप लगातार काम हो रहे हैं। विकसित भारत बनाने मोदी सरकार राज्यों को बड़ी मदद दे रही है। छत्तीसगढ़ को भी कई सौगातें मिलेंगी। श्री चौधरी ने रविवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्र सरकार के बजट प्रस्ताव पर विस्तार से जानकारी दी।

- छत्तीसगढ़ सरकार 6 हजार करोड़ का ब्याजमुक्त कर्ज केंद्र से लेने में कामयाब रही

बस्तर और सरगुजा को मिलेगा लाभ

श्री चौधरी ने बताया, विभिन्न सूचकांकों की दृष्टि से 100 जिलों का चयन कर वहां उत्पादकता व अन्य कमियों को दूर करने का संकल्प इस बजट में व्यक्त किया गया है। इसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के हमारे बस्तर व सरगुजा संभाग के 1.70 करोड़ किसानों को मिलने जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 7.70 लाख किसानों को इसका लाभ मिलेगा। कृषि के क्षेत्र में दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता और निर्यात की क्षमता अर्जित करने के लिए उड़द, मसूर और तुअर की शत-प्रतिशत खरीदी की घोषणा भारत सरकार ने की है। इसके लिए एक मिशन लांच किया गया है।

प्रदेश के पर्यटन को भी मिलेगा लाभ

छत्तीसगढ़ की इकॉनॉमी का जिक्र करते हुए श्री चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ की इकॉनॉमी में आज बड़ी समस्या है, वह समस्या सर्विस सेक्टर को ग्रोथ कराने की है। राज्य सरकार के पिछले बजट में इसकी चर्चा भी की थी।

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने ली रायपुर और दुर्ग संभाग की बैठक

नगरीय निकाय चुनाव की रणनीति पर भाजपा में मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा में हर संभाग के लिए रणनीति बनाने का क्रम जारी है। प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने रविवार को पहले दुर्ग और इसके बाद रायपुर संभाग की बैठक ली। इसमें नगर निगमों के साथ नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। इसी के साथ चुनाव प्रचार को लेकर भी चर्चा की गई कि कहां, कब, कौन प्रचार करने जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने निकाय व पंचायत चुनावों के संदर्भ में आवश्यक रणनीति पर चर्चा की और उपस्थित सभी लोगों से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संदर्भ में जानकारी भी ली। श्री नवीन ने बैठक में कहा, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर पार्टी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक दें और पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने के संकल्प के साथ भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत नतीजे लाकर एक मिसाल कायम करने में परिश्रम की पराकाष्ठा करें। श्री नवीन ने कहा, आज प्रदेश में भाजपा के प्रति अभूतपूर्व विश्वास का वातावरण दिख रहा है।

ये रहे उपस्थित

बैठक में मंत्री रामविचार नेताम, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, दीपक म्हस्के, अमित साहू, जगन्नाथ पाणिग्रही, चंद्रशेखर साहू, सच्चिदानंद उपासने, छगनलाल मुंदड़ा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, श्रीचंद सुंदरानी मौजूद थे।

कांग्रेस को आरोप पत्र जारी करने का अधिकार नहीं

श्री नवीन ने कांग्रेस के आरोप पत्र पर कहा, कांग्रेस को आरोप पत्र जारी करने का नैतिक अधिकार ही नहीं है। कांग्रेस के शासन में प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटालों के अलावा कुछ नहीं हुआ है। कांग्रेस ने विकास का कोई काम नहीं किया। बैठक में नगरीय निकाय चुनाव संयोजक भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, छत्तीसगढ़ में होने वाले कई बड़े अपराध में कांग्रेसियों की संलिप्तता सामने आ रही है और विष्णुदेव साय सरकार में अपराधियों के अवैध कार्यों पर बुलडोजर तो चलेंगे ही। कांग्रेसी अपराधियों का घर बचाने के लिए आरोप पत्र में बुलडोजर का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जनता कांग्रेस के झूठे आरोपों को जानती है। छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है कि कैसे भूपेश शासन के 5 वर्षों में पीएससी में भ्रष्टाचार, शराब में भ्रष्टाचार, कोयले में भ्रष्टाचार, धान में भ्रष्टाचार और दवाई में भ्रष्टाचार कर कांग्रेसियों ने अपना घर भरा है। पिछले एक वर्ष में तो विष्णु देव साय सरकार ने लगातार दोषी भ्रष्टाचारियों के ख़िलाफ कार्रवाई की है और आज कांग्रेस शासनकाल के भ्रष्ट अधिकारी, नेता और पूर्व मंत्री तक जेल में हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस को आरोप पत्र की जगह माफीनामा जारी करना चाहिए।

त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड की जंग

वार्ड नंबर - 42
महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

वार्ड-56 में कुल मतदाताओं की संख्या - 17,037
पुरुष मतदाता - 8,264
महिला मतदाता - 8,759
तृतीय लिंग मतदाता -14

- भाजपा और निर्दलीय ने दो-दो बार बजाया जीत का डंका, कांग्रेस के हिस्से में महज एक बार विजयश्री
- त्रिकोणीय मुकाबला, भाजपा से अंबर अग्रवाल, कांग्रेस से बंशी कन्नौजे और निर्दलीय जितेंद्र अग्रवाल के बीच टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नालियों में कचरा जाम और पानी की समस्या जैसे मुद्दे को लेकर राजधानी के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में आठवी बार पसंद का प्रतिनिधि चुनने 17 हजार से ज्यादा वोटर 11 फरवरी को मतदान करेंगे। वार्ड पार्षद के चुनाव में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला रोचक रहेगा, जिसमें भाजपा से अंबर अग्रवाल, कांग्रेस से बंशी कन्नौजे और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पिछले बार चुनाव जीतकर पार्षद बने फिर कांग्रेस में शामिल हुए निवृत्तमान पार्षद व एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। वार्ड की तासीर कुछ इस तरह से है, यहां 2 बार भाजपा के कब्जे में पार्षद की कुर्सी रही, वहीं निर्दलीय ने भी 2 बार जीत का डंका बजाया। कांग्रेस के हिस्से में इन ढाई दशक में महज एक बार जीत का मौका हाथ आया।

रायपुर नगर निगम में साल 2000 में अस्तित्व में आया महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड शहर का ऐतिहासिक वार्ड रहा है, जिसमें प्राचीन जैतूसाव मठ, नागरी दास मंदिर, पुरानी बस्ती के टूरी हटरी क्षेत्र में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के अलावा तीन प्राचीन सरोवर बंधवा तालाब, खो-खो तालाब और पहलदवा तालाब प्रमुख हैं। इन तीन तालाबों में नालियों के गंदे पानी के निकास के लिए नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी ने 4 चार साल पहले योजना बनाई, जिसमें तीनों तालाबों को एक साथ जोड़ते हुए जल संरक्षण और इन तालाबों में आसपास के रहवासी इलाके के नालियों का गंदा पानी जाने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित तालाबों के सौंदर्यीकरण का प्रोजेक्ट लाया गया। जो कि चार साल बाद भी अधूरा है। निकाय चुनाव में यह मुद्दा प्रमुखता से उभरकर सामने आया है।

पिछले चुनाव में निर्दलीय जितेंद्र अग्रवाल ने भाजपा प्रत्याशी संजूनारायण ठाकुर, कांग्रेस के राजेश ठाकुर सहित 3 पूर्व पार्षदों को परास्त कर चुनाव में जीत हासिल की थी।

आमने-सामने

वार्ड बदहाल, गंदगी-मच्छर से जीना मुश्किल : अंबर अग्रवाल, भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी अंबर अग्रवाल का कहना है, पिछले 5 साल में वार्ड विकास के कार्य पूरी तरह ठप रहे। वार्ड की हालत खस्ता हो गई, सफाई व्यवस्था बेहद लचर है। रहवासी इलाके की नालियां जाम होने से गंदगी और मच्छर से लोग त्रस्त हैं। वार्ड में केवल मंदिरों की पेंटिंग के अलावा कुछ भी काम नहीं हुआ। पार्षद वार्ड से नदारद रहे, जो चुनाव के समय पांच साल बाद लोगों के सामने आए हैं। पुरानी बस्ती क्षेत्र में पानी की समस्या रही। नागरिकों ने जलसंकट का समाधान न होने पर पार्षद का घेराव भी किया। तब नजदीक के वार्ड की भाजपा पार्षद चर्चा करने पहुंचीं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर पानी की समस्या दूर की।

आरोप निराधार, 5 साल में सबसे ज्यादा काम कराए : जितेंद्र अग्रवाल, निवृत्तमान पार्षद

निवृतमान पार्षद जितेंद्र अग्रवाल ने कहा, उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। पिछले 5 साल में वार्ड विकास के सबसे ज्यादा काम वार्ड में कराए। पेयजल समस्या दूर करने अमृत मिशन में नई पाइपलाइन बिछाई गई। जहां पानी की समस्या रही, वहां निगम से पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जरूरतमंदों के लिए मजदूर कार्ड, राशनकार्ड और निराश्रित तथा गरीब व बेसहारा लोगों के पेंशन दिलाने शिविर लगाकर लाभ दिलाया गया। यह शहर का ऐतिहासिक व प्राचीन वार्ड रहा है, उसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की मंशा है।

एसटीपी का काम अधूरा, पेयजल की किल्लत : बंशी कन्नौजे, कांग्रेस प्रत्याशी

तीन तालाबों में एसटीपी निर्माण का काम अधूरा है। वार्ड में पेयजल, सफाई और स्ट्रीट लाइट की समस्या से लोग परेशान हैं। समस्या दूर करने प्रयास करूंगा। 12वीं पास विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था कराएंगे।

यहां 25 सालों से बीजेपी का कब्जा, लेकिन इस बार बागी

वार्ड नंबर - 60
चंद्रशेखर आजाद वार्ड

कुल मतदाता	:	18035
पुरुष मतदाता	:	8983
महिला मतदाता	:	9050
तृतीय लिंग	:	02

परिसीमन क्षेत्र - संतोष नगर शासकीय विद्यालय के समीपस्थ क्षेत्र, रावतपुरा फेस-2, भैरव नगर, अयोध्या नगर, ब्रिज नगर, हल्का तालाब, बीएसयूपी कॉलोनी भाठागांव, काठाडीह, स्मिरन सिटी फेस-5

- मौजूदा पार्षद सावित्री साहू के पति जयमोहन इस बार निर्दलीय मैदान में
- 25 सालों से यहां जीत को तरसी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाठागांव और उससे लगे इलाकों के बड़े हिस्से को अपने में समाहित किए वार्ड क्रमांक 60 अर्थात चंद्रशेखर आजाद वार्ड में इस बार मुकाबला रोचक हो गया है। यहां बीते 25 सालों से भाजपा का शासन है, लेकिन पिछली बार भाजपा से पार्षद रहीं सावित्री साहू के पति जयमोहन साहू इस बार बागी हो गए हैं और वे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले वर्ष यहां भाजपा ने 852 वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा ने यहां रमेश सपहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने कोमल साहू को अपना उम्मीदवार बनाया है। एक वर्ग ऐसा भी है, जो यहां परिवर्तन चाहता है और कांग्रेस को मौका देना चाहता है। निर्दलीय पार्षद की क्षेत्र में पकड़ को देखते हुए यहां मुकाबला लगभग त्रिकोणीय हो गया है। वार्ड की मुख्य समस्याओं की बात करें तो वार्ड के अंतर्गत आने वाले बस्ती क्षेत्र में साफ-सफाई, नाला और पानी जैसी चीजें ही मुख्य मुद्दा बनी हुई है। इन बुनियादी सुविधाओं के आधार पर ही यहां वोट मांगे जा रहे हैं।

आमने-सामने

पार्टी से नहीं प्रत्याशी से दिक्कत

भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे जयमोहन साहू ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कहा कि उन्हें पार्टी से नहीं बल्कि प्रत्याशी से दिक्कत है। वे पिछले दो दशकों से पार्टी से जुड़े हुए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में यहां भाजपा को मात्र 250 मतों की लीड मिली थी, जिस उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में 6 हजार 600 तक पहुंचा दिया। उनका कहना है कि उन्हें वार्ड के लोगों ने ही चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। वे पार्टी से अभी भी अलग नहीं हुए हैं। पार्टी ने उन्हें निष्कासित नहीं किया है। ऐसे में जीत के बाद यदि पार्टी उन्हें बुलाती है तो वे निसंकोच जाएंगे।

जयमोहन साहू
निर्दलीय प्रत्याशी

सालों पर्ची बांटी, तब मिला मौका

भाजपा प्रत्याशी रमेश सपहा ने कहा, वे 2000 से भाजपा से जुड़े हुए हैं। शुरुआती वर्षों में वे पार्टी के लिए पर्ची बांटने सहित कई तरह के काम करते रहे। पार्टी ने जो भी काम दिया, उन्होंने किया। इसका ही परिणाम है कि पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि यदि वे जीतकर आते हैं तो उनकी पहली प्राथमिकता गरीब और बस्ती क्षेत्र के लोगों को सफाई, नाली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करनी होगी। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कोमल साहू ने बताया कि वे नियमित रूप से बैठक करके लोगों की समस्याएं जान रहे हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि जनता इस बार उन्हें मौका देगी।

रमेश सपहा
भाजपा प्रत्याशी

पिछले तीन पार्षद चुनाव में कांग्रेस ही किंग, इस बार मुकाबला युवाओं में

वार्ड नंबर-61
संत रामदास वार्ड

कुल मतदाता	:	15633
पुरूष मतदाता	:	7888
महिला मतदाता	:	7744
तृतीय लिंग	:	1

परिसीमन क्षेत्र- सोनकर पारा, साहू पारा, अवधपुरी कॉलोनी, केसरी बगीचा, ढेबर सिटी, भाठागांव सब्जी बाजार

बस स्टैंड निर्माण के बाद ट्रैफिक जाम और सड़क चौड़ीकरण बना मुख्य मुद्दा

यहां मुकाबला सोनकर वर्सेस सोनकर, वर्तमान पार्षद पनाग टिकरापारा से लड़ रहे हैं चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्ड क्रमांक-61 में भी इस बार रोचक मुकाबला है। यहां कब, कौन पार्टी विजयी घोषित हो जाए, यह राजनीतिक विशेषज्ञ भी नहीं बता पाते हैं। अब तक के चुनावी नतीजों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यहां पार्टी नहीं बल्कि प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि ही मायने रखती है। राज्य बनने के बाद शुरुआती चुनाव में यहां भाजपा को जीत मिली, लेकिन पिछले तीन बार से यहां कांग्रेस ही किंग है। टिकरापारा क्षेत्र के महिला आरक्षित हो जाने के कारण कांग्रेस पार्षद सतनाम पनाग ने यहां से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। इस बार पार्टी ने उन्हें टिकरापारा से टिकट दी है और उनकी जगह कांग्रेस ने ब्रम्हा सोनकर को मैदान में उतारा है। उनके विरोध में भाजपा के रवि सोनकर मैदान में हैं।

बस स्टैंड निर्माण के बाद इस क्षेत्र के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से रोजना दो-चार होना पड़ रहा है। ऐसे में यहां के रहवासियों के लिए ट्रैफिक जाम और सड़क चौड़ीकरण मुख्य मुद्दा बना हुआ है। दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी युवा और पढ़े-लिखे हैं। 34 वर्षीय ब्रम्हा सोनकर ने राजनीति विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पब्लिक एडवरटाइजिंग में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की हुई है और वर्तमान में पीएचडी कर रहे हैं।

आमने-सामने

समस्याओं पर सरकार का ध्यान नहीं, ट्रैफिक जाम से परेशानी

कांग्रेस प्रत्याशी ब्रम्हा सोनकर कहते हैं, भाजपा को सत्ता में आए सालभर से ऊपर हो गए हैं। बस स्टैंड निर्माण के बाद यहां ट्रैफिक जाम का सामना लोगों को रोजाना करना पड़ता है। सरकार सड़क चौड़ीकरण नहीं करा पाई है। स्कूली बच्चों से लेकर कामकाजी वर्ग और सभी को रोजाना ट्रैफिक में लंबे वक्त के लिए फंसना पड़ता है। मैं छात्रजीवन से ही लोगों से जुड़ा हुआ हूं, लोगों की समस्याएं समझता हूं। ऐसे मेंयदि जनता कांग्रेस को मौका देती है तो हम पूरी कोशिश करेंगे कि लोगों को जाम से मुक्ति दिलाए।

ब्रम्हा सोनकर
कांग्रेस प्रत्याशी

15 वर्षों में कुछ नहीं कर सकी कांग्रेस, परिवर्तन जरूरी

भाजपा से पार्षद प्रत्याशी रवि सोनकर वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैं। इस वार्ड में बीते 15 वर्षों से कांग्रेस ही जीतते आई है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी यहां सत्ता परिवर्तन की मांग करते हुए भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे हैं। चूंकि दोनों ही पार्टी ने युवाओं को मैदान में उतारा है, इसलिए यहां चुनाव-प्रचार से लेकर अन्य चीजों में अलग ही स्तर की ऊर्जा देखने को मिल रही है। सुबह से लेकर देर रात तक दोनों युवा प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपील करते नजर आ रहे हैं।

रवि सोनकर
भाजपा प्रत्याशी

चुनावी हलचल

भाजपा प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

रायपुर। भक्त माता कर्मा वार्ड, वार्ड क्रमांक-67 में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रायपुर दक्षिण विधानसभा के विधायक सुनील सोनी एवं भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी के साथ बड़ी संख्या में समर्थकों की टोली एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर समर्थक एवं कार्यकर्ता खासे उत्साहित दिखे। इस दौरान विधायक श्री सोनी उनका उत्साहवर्धन करने पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत के लिए सराहना करते हुए नसीहत भी दी कि जब तक निर्वाचन नहीं हो जाता, कृपया आराम न करें और अपने वार्ड के लोकप्रिय प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी की जीत को सुनिश्चित करने का लगातार प्रयास करें। इस अवसर पर ममता सोनू तिवारी ने भी महापौर प्रत्याशी श्रीमती चौबे को भी जीत के लिए अग्रिम बधाई दी।

गिदवानी ने किया जनसंपर्क मिला जनता का आशीर्वाद

रायपुर। पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-57 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमर गिदवानी ने पीएमटी कॉलोनी, चपरासी कॉलोनी के साथ वार्ड के कई प्रमुख क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान जनता का आशीर्वाद एवं समर्थन उन्हें प्राप्त हुआ। आगामी 11 तारीख को मतदान में उन्हें भारी बहुमत से जीतने का आशीर्वाद वार्डवासियों ने दिया। लोगों का कहना है कि हमें ऐसा ही पार्षद चाहिए, जो हमारी समस्याओं को सुनकर उसका तत्काल निवारण कर सके और हमारे बीच हमेशा उपलब्ध रहे। श्री गिदवानी वार्ड के सभी आयुवर्ग में बहुत लोकप्रिय एवं चहेते उम्मीदवार हैं। वार्ड के सभी युवा, बुजुर्ग एवं महिलाओं में उनके प्रति अटूट विश्वास आज जनसंपर्क के दौरान दिखाई दिया श्री गिदवानी का भी कहना है कि भगवतीचरण शुक्ल वार्ड-57 को सभी समस्याओं से निजात दिलाना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी और इसके लिए उन्हें पूरा विश्वास है कि वार्ड की जनता उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने जा रही है। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं में विजय लहरवानी, मुकेश पंजवानी, कृष्ण बाग, सुनील शर्मा, पल्लवी पांडे, ईश्वर दास नाथ, प्रकाश गोली, प्रेम, सुनीता अग्रवाल, मित्रसेन धीमान, इसराइल शेख, राहुल चंदनानी आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री का 10 नगर निगमों में होगा रोड शो, कोरबा और रायगढ़ से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा का बड़ा फोकस 10 नगर निगमों पर है। भाजपा सभी निगमों को जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। इन नगर निगमों के लिए ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो की योजना तैयार की गई है। 5 फरवरी को कोरबा और रायगढ़ में रोड शो से आगाज होगा। अंत में चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर और धमतरी में 9 फरवरी को रोड शो किया जाएगा। रोड शो को भव्य बनाने के लिए हर निगम में अलग से योजना तैयार की जा रही है। इनमें भारी भीड़ भी जुटाई जाएगी।

- चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर और धमतरी में होगा 9 फरवरी को रोड शो

नगरीय निकाय चुनाव में प्रचार का पूरा जिम्मा प्रदेश के मंत्रियों, सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के स्थानीय नेताओं पर ही है। चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की कोई सूची भी जारी नहीं की गई है। ज्यादातर स्थानों में स्थानीय नेताओं के साथ प्रदेश के मंत्रियों की सभाएं होंगी। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो कराने का फैसला किया गया है। अभी तक रोड शो के साथ किसी भी तरह की सभा की योजना नहीं है, लेकिन आने वाले समय में सभाएं भी कराने की योजना शामिल हो सकती है।

कहां, कब होगा रोड शो

चुनाव प्रचार थमने से पांच दिन पहले से रोड शो का प्रारंभ होगा। पांच दिनों में 10 नगर निगमों रोड शो होगा। पहले 4 फरवरी से आयोजन करने की तैयारी थी, लेकिन इसको बदलकर अब 5 फरवरी से रोड शो करने का फैसला किया गया है। पहले दिन 5 फरवरी को कोरबा और रायगढ़ में रोड शो होगा। इसके बाद दूसरे दिन 6 फरवरी तो राजनांदगांव और चिरमिरी, 7 फरवरी को अंबिकापुर और बिलासपुर, 8 फरवरी को दुर्ग और जगदलपुर तथा अंत में 9 फरवरी को रायपुर और धमतरी में रोड शो होगा। इन रोड शो में उन नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले प्रदेश के नेताओं के साथ ही उन निगमों के प्रभारी मंत्री भी शामिल रहेंगे।

चौधरी बोले- विकसित भारत बनाने मोदी दे रहे राज्यों को बड़ी मदद, छत्तीसगढ़ को भी कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि भारत की जो अर्थव्यवस्था है, वह बहुत ही तेजी से बढ़ रही है। आज दुनिया की जितनी मेजर इकॉनॉमी है, उनमें बड़ी तेजी से भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जिस विजन के साथ देश आगे बढ़ रहा है, वह विजन उनके हर बजट में दिखाई पड़ता है। 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का एक स्पष्ट लक्ष्य और उसके लिए एक सुविचारित दृष्टिकोण प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को दिया है और उसके अनुरूप लगातार काम हो रहे हैं। विकसित भारत बनाने मोदी सरकार राज्यों को बड़ी मदद दे रही है। छत्तीसगढ़ को भी कई सौगातें मिलेंगी। श्री चौधरी ने रविवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्र सरकार के बजट प्रस्ताव पर विस्तार से जानकारी दी। श्री चौधरी ने कहा कि जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तो उसमें समाज के आखिरी छोर पर खड़ा व्यक्ति पीछे न रह जाए, यह भी प्रधानमंत्री श्री मोदी की चिंता है। इसी को उन्होंने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सूत्र के रूप में पिरोया है। छत्तीसगढ़ सरकार के पिछले बजट में भी इस बिंदु को हमने रखा था। इसलिए इस बिंदु को केंद्र के बजट में फिर प्रमुखता से रखा गया है, ताकि विकसित भारत में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी का भी सशक्तिकरण हो, समुचित विकास हो और कोई वर्ग पीछे न छूट जाए। एक तरफ विकसित भारत का लक्ष्य है तो दूसरी तरफ यह विकास सर्व समावेशी हो, सर्वस्पर्शी हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए इस सूत्र पर काम हो रहा है। इसी विजन की एक कड़ी के रूप में हमें केंद्र सरकार के इस साल के बजट को देखना चाहिए।

- छत्तीसगढ़ सरकार 6 हजार करोड़ का ब्याजमुक्त कर्ज केंद्र से लेने में कामयाब रही

बस्तर और सरगुजा को मिलेगा लाभ

श्री चौधरी ने बताया, विभिन्न सूचकांकों की दृष्टि से 100 जिलों का चयन कर वहां उत्पादकता व अन्य कमियों को दूर करने का संकल्प इस बजट में व्यक्त किया गया है। इसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के हमारे बस्तर व सरगुजा संभाग के 1.70 करोड़ किसानों को मिलने जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 7.70 लाख किसानों को इसका लाभ मिलेगा। कृषि के क्षेत्र में दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता और निर्यात की क्षमता अर्जित करने के लिए उड़द, मसूर और तुअर की शत-प्रतिशत खरीदी की घोषणा भारत सरकार ने की है। इसके लिए एक मिशन लांच किया गया है।

प्रदेश के पर्यटन को भी मिलेगा लाभ

छत्तीसगढ़ की इकॉनॉमी का जिक्र करते हुए श्री चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ की इकॉनॉमी में आज बड़ी समस्या है, वह समस्या सर्विस सेक्टर को ग्रोथ कराने की है। राज्य सरकार के पिछले बजट में इसकी चर्चा भी की थी। प्रदेश सरकार पर्यटन के क्षेत्र में रणनीति बनाकर लगातार काम कर रही है। इस लिहाज से विकसित भारत के साथ ही हमने विकसित छत्तीसगढ़ का भी प्लान बनाया है। सर्विस सेक्टर को आगे बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का पूरा फोकस है। केंद्र सरकार के बजट प्रस्ताव में पर्यटन क्षेत्र के विस्तार व विकास के लिए अहम घोषणाएं की गई हैं। इसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ में पर्यटन क्षेत्र में हो रहे कामों में भी मिलेगा। मुद्रा लोन के तीन स्तरों के लिए लोन की सीमा भी केंद्र सरकार अब दुगुनी करने जा रही है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने ली रायपुर और दुर्ग संभाग की बैठक

नगरीय निकाय चुनाव की रणनीति पर भाजपा में मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा में हर संभाग के लिए रणनीति बनाने का क्रम जारी है। प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने रविवार को पहले दुर्ग और इसके बाद रायपुर संभाग की बैठक ली। इसमें नगर निगमों के साथ नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। इसी के साथ चुनाव प्रचार को लेकर भी चर्चा की गई कि कहां, कब, कौन प्रचार करने जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने निकाय व पंचायत चुनावों के संदर्भ में आवश्यक रणनीति पर चर्चा की और उपस्थित सभी लोगों से नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संदर्भ में जानकारी भी ली। श्री नवीन ने बैठक में कहा, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर पार्टी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक दें और पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने के संकल्प के साथ भाजपा के पक्ष में शत-प्रतिशत नतीजे लाकर एक मिसाल कायम करने में परिश्रम की पराकाष्ठा करें। श्री नवीन ने कहा, आज प्रदेश में भाजपा के प्रति अभूतपूर्व विश्वास का वातावरण दिख रहा है।

ये रहे उपस्थित

बैठक में मंत्री रामविचार नेताम, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, दीपक म्हस्के, अमित साहू, जगन्नाथ पाणिग्रही, चंद्रशेखर साहू, सच्चिदानंद उपासने, छगनलाल मुंदड़ा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, श्रीचंद सुंदरानी मौजूद थे।

कांग्रेस को आरोप पत्र जारी करने का अधिकार नहीं

श्री नवीन ने कांग्रेस के आरोप पत्र पर कहा, कांग्रेस को आरोप पत्र जारी करने का नैतिक अधिकार ही नहीं है। कांग्रेस के शासन में प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटालों के अलावा कुछ नहीं हुआ है। कांग्रेस ने विकास का कोई काम नहीं किया। बैठक में नगरीय निकाय चुनाव संयोजक भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, छत्तीसगढ़ में होने वाले कई बड़े अपराध में कांग्रेसियों की संलिप्तता सामने आ रही है और विष्णुदेव साय सरकार में अपराधियों के अवैध कार्यों पर बुलडोजर तो चलेंगे ही। कांग्रेसी अपराधियों का घर बचाने के लिए आरोप पत्र में बुलडोजर का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जनता कांग्रेस के झूठे आरोपों को जानती है। छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है कि कैसे भूपेश शासन के 5 वर्षों में पीएससी में भ्रष्टाचार, शराब में भ्रष्टाचार, कोयले में भ्रष्टाचार, धान में भ्रष्टाचार और दवाई में भ्रष्टाचार कर कांग्रेसियों ने अपना घर भरा है। पिछले एक वर्ष में तो विष्णु देव साय सरकार ने लगातार दोषी भ्रष्टाचारियों के ख़िलाफ कार्रवाई की है और आज कांग्रेस शासनकाल के भ्रष्ट अधिकारी, नेता और पूर्व मंत्री तक जेल में हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस को आरोप पत्र की जगह माफीनामा जारी करना चाहिए।

21 आंगनबाड़ियों को महतारी सदन बनाने का प्लान, जमीन नहीं मिलने से फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

शहर के वार्डों में जहां ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों में या फिर जर्जर हो रहे केंद्रों में संचालित हो रहे हैं। वहीं निगम के जोन-1, 5 और 8 के सभी 21 वार्डों में एक-एक महतारी सदन बनाने का प्लान भी जमीन नहीं मिलने के पेंच में उलझ रहा है। जोन 8 ने जगह और फंड मिलने से सितंबर में ही प्रोजेक्ट को शुरू करा दिया है। इससे आने वाले दिनों में आंगनबाड़ी केंद्र जाने वाली महिलाओं को गर्म भोजन के साथ ही अच्छी सुविधा मिलने की आस बनी हुई है।

निगम की पश्चिम विधानसभा सीमा में आने वाले 3 जोन कार्यालयों से जुड़े 21 वार्डों में से जोन- 8 में ही टाटीबंध और रायपुरा में बच्चों की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी की स्थापना में बड़ा प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा जोन-1 और 5 के 10 से ज्यादा वार्डों में सरकारी जमीन नहीं मिलने से प्रक्रिया अटकी हुई है। इससे आंगनबाड़ी भवन को खास बनने के लिए

शहर के जोन-1, 5, 8 के हर वार्ड में महतारी सदन बनाने ड्राइंग-डिजाइन तैयार

ये सुविधा देने का है प्रावधान

आंगनबाड़ी यानी महतारी सदन का निर्माण नगर निगम के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी डिजाइन और डीपीआर सितंबर से पहले ही तैयार करने के बाद भी लोगों को सुविधा के लिए इंतजार करना होगा। आंगनबाड़ी भवन में क्लासरूम, डायनिंग हॉल से लेकर सभी जगह फ्लोर टाइल्स लगाए जाएंगे। सुंदर बनाने के लिए भवन में स्टील और लकड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा। महतारी सदन पूरी तरह लग्जरी होगा। हॉल से लेकर हर कमरे में फाल्स सीलिंग लगाई जाएगी। महतारी भवन की डिजाइन ऐसी होगी कि इससे आंगनबाड़ियों को लेकर लोगों की सोच बदलेगी।

स्कूल जैसा माहौल देने की प्लानिंग

महतारी सदन में बच्चों को खेलने और मनोरंजन के साथ पढ़ाई के लिए प्राइवेट स्कूल जैसी उच्चस्तरीय सुविधा मिलेगी। आउटडोर गेम्स के लिए प्ले एरिया में झूले, फिसलपट्टी भी बनाई जाएगी। वहीं बच्चों के लिए छोटा-सा गार्डन होगा। भवन में इंडोर गेम्स के लिए अलग से हॉल बनाने की प्लानिंग है। सदन में रीडिंग एरिया, एक्टिविटीज एरिया और आर्ट के लिए अलग से गैलरी रहेगी। पढ़ाई के लिए हाई क्वालिटी क्लासरूम के अलावा भोजन के लिए बड़ा और फर्नीचर युक्त डायनिंग स्पेस होगा। स्टाफ के लिए भी आफिस व स्टोर एरिया अलग से बनाने का प्रावधान है।

सरकारी जमीन खाली नहीं

महतारी सदन के लिए जिन वार्डों में जमीन मिल गई है, वहां सितंबर में ही काम शुरू हो चुका है। वार्डों में सरकारी जमीन खाली नहीं मिल रही है। पटवारियों से सरकारी जमीन की रिपोर्ट मांगी गई है।
- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर

टाटीबंध वार्ड में प्रोजेक्ट की कड़ी में निर्माण जारी है। महतारी सदन के नाम से आंगनबाड़ी की डिजाइन, इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूदा दो-तीन कमरों के आंगनबाड़ी केंद्रों से अलग और सुंदर होगा, जबकि इस तरह की सुविधा देने के लिए सितंबर में ही वित्तीय मंजूरी दी गई थी। वार्डों में अपेक्षा के अनुरूप सरकारी जमीन नहीं मिलने की स्थिति में लोगों की सुविधा अटकी हुई है।

निधन

दुर्गा देवी गंगवानी

रायपुर। अश्विनी नगर निवासी दुर्गा देवी गंगवानी का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे महेश, रतन, रूपेश, रवि की माता थीं।

रमेश कुमार अग्रवाल

रायपुर। गुढ़ियारी निवासी रमेश कुमार अग्रवाल (78) का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुढ़ियारी मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष, अशोक, जितेंद्र अग्रवाल के पिता एवं शुभम, सुजन के दादा थे।

रमेश जीभेकर

रायपुर। आनंद नगर निवासी रमेश जीभेकर (79) का 31 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 फरवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हर्षद जीभेकर, दीपाली, सोनाली के पिता थे।

वीनी नायडू

रायपुर। शहर निवासी वीनी नायडू का 1 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 फरवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे के. सुनील नायडू की धर्मपत्नी, डॉ. के. रोहन नायडू की माता, कमला तिमसिना नायडू की सास थीं।

शारदा देवी मिश्रा

रायपुर। नगर निगम कॉलोनी निवासी शारदा देवी मिश्रा (73) का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे विनय मिश्रा, संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा की माताजी थीं।

वैजयंती वसंत मायस्कर

रायपुर। छोटापारा निवासी वैजयंती वसंत मायस्कर (80) का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 फरवरी को दोपहर 2 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा। वे डा विनया, वर्षा और विक्रम की माता थी।

ठंड सहन नहीं कर सकी, नेशनल पार्क पहुंचने के बाद गाड़ी में दम तोड़ा

अवसाद में आकर हार्ट अटैक से बायसन की मौत, कुनबा बढ़ाने की पहली कोशिश फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए टाइगर रिजर्व का दर्जा पाए गुरुघासीदास नेशनल पार्क में वर्ष 2018 से बायसन का कुनबा बढ़ाने बार नवापारा से 40 बाइसन ट्रांसलोकेट कर नेशनल पार्क में छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2018 में लिए गए निर्णय को सात साल बाद अमलीजामा पहनाने की वन विभाग की पहली कोशिश फेल हो गई है। बार नवापारा से ट्रांसलोकेट कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क ले जाए गए बायसन की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बार नवापारा से बायसन ट्रांसलोकेट कर ले जाने का निर्णय केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहमति मिलने के बाद लिया गया है।

- कुनबे से बिछड़कर अवसाद में आई किशोर मादा बायसन

25 जनवरी को बार नवापारा से एक सब एडल्ट मादा बायसन को चिन्हांकित कर, ट्रैंक्यूलाइज कर वन विभाग की बड़ी गाड़ी में दोपहर 2 बजे गुरु घासीदास नेशनल पार्क ले जाने रवाना हुई। रात 2 बजे के करीब वन विभाग की टीम कड़कड़ाती ठंड में पांच डिग्री सेल्सियस तापमान में गुरु घासीदास नेशनल पार्क में लेकर पहुंची। बाड़े में जब बायसन को ले जाने उतारा जा रहा था। इस दौरान बायसन की गाड़ी के अंदर ही मौत हो गई।

केंद्रीय मंत्रालय को लिखा पत्र

बायसन आईयूसीएन की रेड लिस्ट में है। उसकी मौत वन विभाग द्वारा की गई क्रूर हत्या से कम नहीं है। बार नवापारा में बायसन इतनी बड़ी संख्या में नहीं हैं कि उनको लेकर मानव-वन्यजीव द्वंद्व हो रहा हो। ऐसे में वहां से बायसन भेजे जाने पर पुन: विचार किया जाना चाहिए। बायसन के ट्रांसलोकेट कर ले जाने अनुमति निरस्त करने केंद्रीय मंत्रालय को मैंने पत्र लिखा है।
- **नितिन सिंघवी,** वन्यजीव प्रेमी

हार्ट अटैक से हुई मौत

बायसन की मौत हार्ट अटैक से होने की रिपोर्ट हमें मिली है।
- **सतोविशा समजदार,** सीसीएफ, वाइल्ड लाइफ रायपुर

एक नहीं, दो बायसन को ट्रैंक्यूलाइज किया गया था

सूत्रों के मुताबिक, जिस दिन बायसन को ट्रैंक्यूलाइज कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क के लिए ले जाया गया। उस दिन एक नहीं दो बायसन को बेहोश किया गया था, जिसमें एक व्यस्क मेल बायसन था। मेल बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने डॉट दिया गया तो वह अर्ध बेहोशी की हालत में एक गड्ढे में बैठ गया, जिसे वनकर्मी रेस्क्यू कर गाड़ी में चढ़ा नहीं पाए। इस वजह से उस बायसन को वापस होश में लाने रिवाइवल डोज देकर छोड़ दिया गया।

बायसन को ले जाने पर विवाद

बायसन को गुरु घासीदास नेशनल पार्क ले जाने जिस वन्यजीव चिकित्सक को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उस डॉक्टर ने सिंगल बायसन को ले जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद अफसरों ने उस डॉक्टर पर जबरन दबाव बनाकर बायसन को नेशनल पार्क ले जाने मजबूर किया और एलिफेंट रिजर्व के किसी अन्य डॉक्टर की निगरानी में बायसन को नेशनल पार्क ले जाया गया।

सदमे और ठंड से हुई मौत

अलग-अलग वन्यजीव जानकारों से बात करने पर उन लोगों ने बताया है कि बायसन एक सामाजिक वन्यजीव है। वह अपने कुनबे में रहना पसंद करती है। वन्यजीव जानकारों के अनुसार, बायसन को ट्रांसलोकेट कर ले जाना ही था तो कुनबे में शामिल एक या दो और बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करना था। इससे बायसन को लगता कि वह अकेला नहीं है, उसके साथ कुनबे के अन्य बायसन भी शामिल हैं। जहां से बायसन को नेशनल पार्क के लिए ले जाया गया, वहां के और गुरु घासीदास नेशनल पार्क के तापमान में काफी ज्यादा अंतर है। इस वजह से बायसन अचानक मौसम परिवर्तन की मार सहन नहीं कर पाया और उसकी मौत हो गई। उक्त बायसन किशोर उम्र का है, इस वजह से वह परिवार के करीब रहता है।

सुख समृद्धि की कामना भवानी शंकर का रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रयागराज महाकुंभ-2025 माघ मास की अमावस्या मौनी अमावस्या के दिवस पर श्री सुरेश्वर महादेवपीठ एवं ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट के कैंप में सभी भक्तों ने ब्रह्मकालीन मुहूर्त में स्नान करके अपने यज्ञ मंडप पर आकर वहां पर पूजा-अर्चना की। साथ ही वाल्मीकि कृत्य मूल रामायण का पाठ कर हवन किया।

इसके अलावा नमक चमक का पाठ कर भवानी शंकर का रुद्राभिषेक किया। आज बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष के रूप में आचार्य रविंद्र शास्त्री को नियुक्त किया। साथ ही उन्होंने संगठन को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। अभिषेक में यजमान के स्वरूप में नवीन अग्रवाल, नीता अग्रवाल, वेदांत अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, अर्चना मलिक, विकास पारख उपस्थित रहे। साथ ही कृष्णचंद्र पांडे, सतीश पांडे एवं श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद एवं नेहा शर्मा रहे। आचार्य शुक्रताल से आए हुए पुष्कर कृष्ण एवं उनके साथी सत्यनारायण महाराज हैं।

पूजन यज्ञ में शास्त्री ने दिया सहयोग

यह कामना की कि महाकुंभ में जो अप्रिय घटना घटी, उसके लिए हम संवेदना व्यक्त करते हैं एवं सुख समृद्धि के लिए कामना करते हैं। रविवार को नेपाल से आए गर्गाचार्य एवं काठमांडू मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अर्जुन प्रसाद वास्तोलाजी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के नेतृत्व में किया गया। पूजन यज्ञ में आचार्य रविंद्र शास्त्री ने पूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर जगतगुरु स्वामी ऋषिपाल आनंद, डॉ. सुरेश चंद्र कौशिक एवं भोजन भंडारे की व्यवस्था आचार्य ऋषि दयानंद शर्मा ने की। धमतरी से आए आचार्य जानकी वल्लभतीर्थ ने भजन एवं योग साधना के बारे में बताया।

पेज 11 के शेष

राजधानी का औसत...

के मुताबिक फरवरी में रायपुर का अधिकतम तापमान औसतन 31 डिग्री के आसपास रहता है मगर इस बार माह की शुरूआत ही 34 डिग्री के साथ हुई है जिसके आने वाले दिनों में और ऊपर जाने की उम्मीद है। दिन में गर्मी बढ़ने के साथ रात में भी ठंड के बेअसर होने के आसार बढ़ रहे हैं क्योंकि फरवरी का स्वागत भी विक्षोभ के साथ हुआ है। इसकी वजह से आने वाली नमी न्यूनतम तापमान को नीचे की ओर जाने से रोकती है वहीं रात छोटी होने की वजह जमीन को ठंडा होने का समय भी कम मिल रहा है। रायपुर में सबसे अधिक तापमान वर्ष 2009 में 28 फरवरी को 38 डिग्री तक पहुंचा था, इस बार दूसरे दिन ही पारा 35 को छू रहा है इसलिए माना जा रहा है अंतिम दिनों में गर्मी अपने पुराने रिकार्ड तक पहुंच ही जाएगी।

कस्टम मिलिंग की...

सभी राइस मिलरों को धमकाया गया कि जो राइस मिलर उन्हें कमीशन नहीं देंगे, उन्हें प्रोत्साहन राशि जारी नहीं की जाएगी। इसके बाद इसी तरह की बैठक सभी जिलों में जाकर रोशन चंद्राकर ने राइस मिलरों के साथ कर कमीशन देने बाध्य किया।

असहयोग करने पर अधिकारी का ट्रांसफर-आरोप है कि मनोज सोनी ने सभी जिलों के विपणन अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि जारी करने अनुशंसा करने के एवज में कमीशन देने पूरी तरह से दबाव बनाया था। जांजगीर-चांपा के तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी द्वारा कमीशन वसूली में असहयोग करने पर उनका ट्रांसफर मुख्यालय में कर दिया गया। उनकी जगह राजनांदगांव के जिला विपणन अधिकारी गजेंद्र सिंह राजपूत का स्थानांतरण जांजगीर-चांपा किया गया।

इनके मोबाइल से मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य- एसीबी ने जांच के दौरान कोरबा के तत्कालीन जिला विपणन अधिकारी प्रीतिका केरकेट्टा का मोबाइल जब्त कर बैकअप लेकर जांच की तो एसीबी को कमीशन वसूली के करीब 10 पन्नों का साक्ष्य मिले। एसीबी को जो साक्ष्य मिले, उनके मुताबिक, जिनको प्रोत्साहन राशि जारी करनी होती थी, उसके नाम तथा फर्म के आगे वाय लिखा होता था। जिनको राशि जारी नहीं की जानी थी, उनके नाम के आगे एन लिखा होता था।

रायपुर में कलेक्शन के सात ठिकाने-कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच में एसीबी ने पाया कि प्रोत्साहन राशि जारी करने के बदले अलग-अलग जिलों से रोशन अपने एजेंटों के माध्यम से जो कमीशन राशि मंगवाता था, उन पैसों की वसूली वीआईपी रोड के साथ ही तेलीबांधा, वीवाय केनियान, कमल विहार रोड, पाम बेलजियो, शंकर नगर तथा बीटीआई ग्राउंड में की है।

440 करोड़ के भुगतान में 140 करोड़ की वसूली- एसीबी जांच में यह बात भी सामने आई है कि राइस मिलरों को कस्टम मिलिंग करने के एवज में 440 करोड़ रुपए का कुल भुगतान किया गया है। उनमें से करीब 32 प्रतिशत राशि 140 करोड़ रुपए बतौर कमीशन के तौर पर वसूली की गई है। मामले की जांच का दायरा जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में अन्य लोगों के खिलाफ एसीबी शिकंजा कसेगी।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा वेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अब नई जगह ओम डेन्टल हॉस्पिटल
• दर्द रहित रुट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) Painless • डेंटल इम्पलांट (Dental Implants)
• टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा • दांतो की Scaling & Polishing
• दांतो की Bleaching • दांत दर्द और सेंसिटिविटी कैविटी और दांतों का सड़ना • मुंह के संक्रमण
• मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना • दांतों की सफाई • सभी प्रकार के दंत रोगों का इलाज
गंभीर देखभाल
मसूड़ो का गंभीर संक्रमण
ओरल कैंसर, डेंटल एब्सेस
टीएमजे समस्या टूटे या फंसे दांत
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

।। श्री कृष्ण शरणम् मम: ।।
जनम मरन सब दुख सुख भोगा । हानि लाभ प्रिय मिलन बियोगा ।।
काल करम बस होहिं गोसाईं । बरबस राति दिवस की नाईं ।।
(श्री रामचरित मानस)
।। दशगात्र ।।

(जन्म : 08.07.1944 | स्वर्गवास : 24.01.2025)
हमारे परिवार के परम पूजनीय
श्री खोमराम चंद्रवंशी जी
शुक्रवार, दिनांक 24 जनवरी 2025 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु के चरणों में जा विराजे हैं ।
दशगात्र एवं शांतिभोज : सोमवार, दि. 3.2.2025, दोपहर 1 बजे से
कार्यक्रम स्थल : चंद्रवंशी निवास, 18 कृष्णसखा सोसाइटी, रोहिणीपुरम्, डीडी नगर वार्ड, रायपुर में रखा गया है ।
पापा, आप सम्पूर्ण परिवार के लिए अथाह शक्ति के स्रोत थे.
आपने सत्य, श्रम एवं नि:स्वार्थ कर्म का मार्ग दिखाया.
हम इस मार्ग पर निरंतर चलते रहेंगे...
श्रद्धावनत्
श्रीमती बुधेश्वरी चंद्रवंशी (पत्नी)
रश्मि-सुरेश बन्छोर (पुत्री-दामाद),
शिवम, शिवांशी (नाती-नतनी)
आशु-शिल्पा चंद्रवंशी (पुत्र-पुत्रवधु)
(जिला उपाध्यक्ष भाजपा रायपुर),
आशीष-मधु चंद्रवंशी (पुत्र-पुत्रवधु)
(पूर्व पार्षद डीडी नगर वार्ड)
शिवरी, गौरी, विशद, गौतमी (पौत्र-पौत्री)
फर्म
• के.आर.सी. कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड • के.आर. इन्फ्रामेटिक प्राईवेट लिमिटेड
• के.आर. कंस्ट्रक्शन्स • के.आर. इंटरप्राइजेस
कृपया इसे ही शोक सूचना मानें....
ATUL

चकल्लस

राहत का जुगाड़...

बिजली की कीमत कम कराने के लिए स्टील उद्योगों में हड़ताल भी की गई, लेकिन इसका असर अपनी राज्य सरकार पर नहीं हुआ था और स्टील उद्योगों को बिजली की कीमत में राहत नहीं मिल रही थी। खबरी बता रहा था, जिस तरह से पिछली सरकार में स्टील उद्योगों को लोड फैक्टर में छूट देने का खेल खेला गया था, उसे बंद करने के बाद सरकार किसी भी तरह की राहत देने के पक्ष में नहीं थी। जब लगने लगा था कि अब स्टील उद्योग को राहत नहीं मिलने वाली है, तभी अचानक राहत पैकेज आ गया। खबरी बता रहा था, उद्योगपति चुप नहीं बैठे थे, लगातार जुगाड़ में लगे थे कि किसी भी तरह से जुगाड़ करके कीमत कम कराई जाए। आखिर में मेहनत सफल हुई और राहत का जुगाड़ हो गया।

हुजूर आते-आते...बहुत देर कर दी

कांग्रेस पार्टी ने स्थानीय निकायों के चुनावों से पहले यह कोशिश की थी कि पिछले चुनावों में बगावत करने, पार्टी से विश्वासघात करने और अपने ही प्रत्याशियों को हराने वालों को फिर से पार्टी में शामिल कर लिया जाए। इस काम के लिए एक समिति बन गई, लोगों की अनुशंसा भी ले ली गई। ये माहौल बना था कि बागी और निकाले गए लोग वापस आकर प्रत्याशी बनाए जा सकते हैं। इस तरह कई लोगों ने चुनावी तैयारी भी कर ली थी, लेकिन कांग्रेस पार्टी की लेटलतीफी का आलम ये है कि वापसी को लेकर दिल्ली में होने वाली बैठक ही नहीं पाई। वापसी का इंतजार कर रहे कई नेता और उनके कार्यकर्ता पार्टी को इस बात के लिए कोस रहे हैं, हुजूर आते-आते बहुत देर कर दी।

ये बात कुछ हजम नहीं हुई

कांग्रेस के कुछ फैसलों ने सबको हैरत में डाल दिया। खबरी बता रहा था कि धमतरी में मेयर के लिए प्रत्याशी चयन बड़ी उठापटक के बाद हुआ था। यहां तक की आपसी खींचतान भी हुई। प्रत्याशी ठेकेदार निकला तो नामांकन रद्द हो गया। मान लिया, राजनीति में ऐसा होता है। लेकिन किसी दूसरे को बी फार्म भी नहीं दिया। पार्टी ने किसी को उम्मीदवार ही नहीं बनाया, जबकि समय था। भाजपा को वॉकओवर ही दे दिया। धमतरी तो धमतरी, रायपुर में कई वार्ड में प्रत्याशियों का ऐलान ही नहीं किया। जिनका किया, उनका भी आखिरी दिन। यह बात कुछ हजम नहीं हुई।

बूंद-बूंद के लिए तरसा समुद्र

समय से बड़ा बलवान कोई नहीं होता। अब पुरानी सरकार के पीने-पिलाने वाले मंत्रीजी को ही लीजिए। कभी विभाग चलाते थे। एक से एक ब्रांड, लाखों पेटियों के मालिक। शराब ठेकेदार पैरों में पड़े रहते थे। साहब का आशीर्वाद पाने के लिए शराब निर्माता लाइन लगाया करते थे। लेकिन हाय रे किस्मत। वक्त बदला और मंत्रीजी अंदर हो गए। खबरी बता रहा था कि उन्हें रोज लेने की आदत है। वहां पीने के लिए नहीं मिल रही। उस चक्कर में थोड़े चिढ़चिढ़े भी हो गए हैं। प्रहरियों को चमका रहे हैं। हालत यह हो गई है कि जो कभी समुंद्र हुआ करता था वह बूंद बूंद के लिए तरस रहा है। इसलिए कहते हैं, किसी से डरो या न डरो, वक्त से जरूर डरो।

मेरा या तेरा का चक्कर ....

व्हाइट हाउस के गलियारे में दो तरह की चर्चा खूब हो रही है। एक है हेलमेट लगाकर टू व्हीलर से आफिस आने और अफसर के लिए फोर व्हीलर में सीट बेल्ट बांधकर दफ्तर आने की। दूसरी चर्चा मेरा और तेरा को लेकर है। हुआ यूं कि एक्स नेता प्रतिपक्ष और एक्स मेयर का चैंबर अगल-बगल में है। मजे की बात ये है कि अपोजिशन की नेत्री और पोजीशन वाले नेताजी की धर्मपत्नी मेयर बनने चुनाव मैदान में कूद पड़े। अब दफ्तर वालों के बीच बहस छिड़ गई कि इलेक्शन में मेरा वाला जीतेगा कि तेरा वाला।

डामर के डर से सहमे साहब...

कुछ दिनों पहले मोवा ओवरब्रिज निर्माण के दूसरे दिन ही सड़क उखड़ने की घटना से एक साहब सहमे हुए हैं। उनकी स्थिति ऐसी है कि जब भी कोई उन्हें शहर के किसी ओवरब्रिज की सड़क खराब होने की जानकारी देता है, वे खुद कहने लगते हैं, डामर ने ऐसी किरकिरी कराई कि सारा अनुभव फेल हो गया। अब तो जीवन में अगर इस विभाग में काम करने के लिए जिम्मेदारी दी गई तो डामर रोड को हाथ नहीं लगाऊंगा। डामर के चलते बहुत रायता फैला है, इसलिए अब इससे तौबा कर ली है। जो डामर रोड का अनुभव रखते हैं, उन्हें बनाने के लिए देंगे। हमारे लिए तो सीमेंटेड सड़क और ब्रिज का काम ही ठीक है।

पाप का घड़ा

कहावत है कि जब पाप का घड़ा भर जाता है तो फूटता जाता है। अब मोक्षित कारपोरेशन को ही लीजिए। 50 लाख की कंपनी कुछ ही साल में 1000 करोड़ की बन गई। क्या-क्या नहीं किया। पौने दो रुपए की ट्यूब 2 हजार 300 रुपए में सप्लाई की। 400 करोड़ रुपए में रीएजेंट सप्लाई कर दिए जिसकी जरूरत ही नहीं थी। और तो और डीकेएस में ऐसा क्लीनिक खोल दिया जिसका ताला ही नहीं खुला। इतना पाप होगा तो घड़ा तो फूटना ही था। कंपनी का एमडी जेल में हैं। लेकिन बड़ा सवाल...क्या यह सब मोक्षित कंपनी ने अकेले किया होगा? क्या यह संभव है कि कंपनी जो चाहे कर दे? असली खिलाड़ी वो अफसर और नेता हैं जिनके संरक्षण में पाप का घड़ा भरा। कार्रवाई तब सही मानी जाएगी तब वे मगरमच्छ भी अंदर जाएं जिनके कारण जनता का पैसा भ्रष्टों की तिजोरी में गया। अगर ऐसा नहीं हुआ तो समझिए मोहरे निपटाकर राजा-रानी बचा लिए गए।

शंकर नगर की व्यथा

शकर नगर से पहले से एक्सप्रेस वे तो देखा ही होगा। वहां कभी रेलवे लाइन हुआ करती थी। अब वहां सड़क बन गई है। दो तरफा रोड थी, तब तक ठीकठाक था। परेशानी तब भी थी लेकिन इतनी नहीं थी। अब एक्सप्रेस वे पर बने ब्रिज की वजह से सर्विस लेन बन गई है और वह चौराहा बना दिया गया है। यह चौराहा हजारों लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है। छोटी सी जगह है और हजारों गाड़ियां वहां से गुजरती हैं। हर दस मिनट में जाम के हालात बन रहे हैं। कांग्रेस भवन और न्यू देलही स्वीट के सामने से शुरू हुआ जाम केनाल रोड पर जाकर खत्म होता है। इसके बीच में तीन सिग्नल हैं। एक बार फंसे तो आधा घंटा लगता है। वह भी तब जब कोई माननीय सायरन बजाता हुआ, लोगों को उनकी हैसियत बताता हुआ न गुजरे। अगर माननीय आ गया तो फिर...। उस पर परेशानी यह है कि ट्रेफिक और निगम वालों को समझ नहीं आ रहा कि समस्या का निदान कैसे करें।

दिल के अरमां...

दुख भरे गीतों से सजी महफिल दर्द से राहत दिलाने में कितनी मददगार होती है, ये एनएसयूआई नेताओं से बेहतर फिलहाल आपको कोई और नहीं बता सकता। पार्षद बनने के लिए कई सालों से जुटे थे। इनमें से कई ने तो विधानसभा उपचुनाव में अपने प्यारे नेता के तारे आकाश से जमीन पर आते देखकर टिकट की उम्मीद छोड़ दी। जो बचे-खुचे लोग थे, उन्हें टिकट मिल ही नहीं सकी। रायपुर जिले में सिर्फ एक को ही टिकट मिली। बाके दुख भरे गानों के सहारे दिन काट रहे हैं। कई सोच रहे हैं कि एनएसयूआई ही छोड़ दी जाए। वैसे छोड़ने में ही भलाई है। क्या है कि ऊपरी स्तर तो छोड़िए, निचले स्तर पर भी जो भर्राशाही उसे देखकर तो कोई भी वैराग्य की राह पर चल पड़े।

मक्खन ज्यादा हो गया

चापलूसी भी सीमा में ही करनी चाहिए। कई बार ऐसा भी हो जाता है कि चापलूसी करके अपना काम निकलवाने के चक्कर में उल्टा नुकसान हो जाता है। सरकार बदलने के बाद आत्मानंद विद्यालय एक-एक रूपए के लिए तरस रहे हैं। इनकी स्थिति देखकर इन्हें एक लाख देने का मन मंत्री ने बनाया। उनके एक मुंहलगे मंत्री ने पट्टी पढ़ाई की इतने की जरूरत नहीं है। मात्र 79 हजार में काम हो सकता है। बकायदा बजट भी उसने पेश कर दिया। फिर क्या था, एक लाख की जगह सभी स्कूलों को 79 हजार ही मिले। आवंटित राशि का यह आंकड़ा भी चर्चा में रहा। हां, तो हुआ यूं कि उस प्राचार्य के स्कूल को भी 79 हजार ही मिले। फिर उसे यह आत्मज्ञान हुआ कि अति किसी की अच्छी नहीं।

गोपनीय बैठक

हेल्थ और घोटालों का यूं तो पुराना रिश्ता है। सप्लायर, अफसर और नेता मिलकर खूब लूटते रहे हैं। एक वक्त तीन डायरेक्टर हुआ करते थे और जमकर महाभारत होती थी। तीनों एक दूसरे की पोलपट्टी खोलते रहते थे। सीएमओ से लेकर डायरेक्टर तक के किस्से मीडिया में आते रहते थे। उसके बाद विभाग में आईएएस की इंट्री हो गई। उस पर दवा निगम बन गया। उसके बाद तो पूछिए मत...। अब हाल यह है कि ईओडब्ल्यू के टारगेट में दर्जनभर बड़े अफसर आ गए हैं। दो तीन आईएएस भी फंस रहे हैं। कारनामे ऐसे हैं कि कभी भी कोई भी अंदर जा सकता है। खौफ के मारे सो नहीं पा रहे हैं। खबरी बता रहा था कि खौफ में जी रहे अफसरों ने चार दिन पहले नए रायपुर में बैठक की। तय किया कोई भी फंसेगा तो सब मिलकर मदद करेंगे। कोई एक-दूसरे के खिलाफ नहीं बोलेगे। लेकिन दस्तावेज...। उनका क्या करें, यही खौफ उन्हें खाए जा रहा है।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा, लवकुश शुक्ला।

फॉर्मेसी कॉलेजों की अर्जी- मान्यता के लिए पैसे नहीं, फीस माफ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के फॉर्मेसी महाविद्यालय भी अब इंजीनियरिंग कॉलेजों की राह पर चलते नजर आ रहे हैं। कोरोना काल के बाद फॉर्मेसी सेक्टर में अवसर अपेक्षाकृत बढ़ गए थे। इसे देखते हुए थोक में नए फॉर्मेसी पाठ्यक्रम शहर में खुले। बीते दो शैक्षणिक सत्रों में छत्तीसगढ़ में 40 नए फॉर्मेसी कॉलेज खुले हैं।

- फॉर्मेसी कॉलेजों ने आधी कर दी फीस, इसके बाद भी नहीं मिले छात्र
- बीते वर्षों में प्रदेश में खुले हैं 40 फॉर्मेसी कॉलेज, नए सत्र से 9 अन्य महाविद्यालय

सत्र 2025-26 के लिए भी 9 नए फॉर्मेसी कॉलेजों ने अर्जी दी है। बीते सत्रों में खुले कॉलेजों को फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया और तकनीकी विवि दोनों को ही मान्यता नवीनीकरण शुल्क देना होता है। नवीन मान्यता के लिए फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया को 10.5 लाख और सीएसवीटीयू को 7 लाख रुपए प्रदान करने होते हैं। इसी तरह डिप्लोमा पाठ्यक्रम के नवीनीकरण के लिए तकनीकी विवि को 4 लाख तथा बीफार्मा और एमफार्मा के लिए 2-2 लाख रुपए राशि के अतिरिक्त फॉर्मेसी काउंसिल को भी भुगतान करना होता है। इतनी बड़ी राशि नए खुले महाविद्यालयों के लिए संभव नहीं हो पाती है। यही कारण है कि उनके द्वारा आर्थिक स्थिति खस्ता होने का हवाला देते हुए फीस माफी की अर्जी दी गई।

नवीन मान्यता के लिए 17.5 लाख

सीएसवीटीयू का जवाब-हमारे वश से बाहर

बिलासपुर-जांजगीर में सर्वाधिक कॉलेज

बीते दो सत्रों में जांजगीर में फॉर्मेसी कॉलेज की संख्या 2 से 11 हो गई है। बिलासपुर में भी यह संख्या 20 पार कर चुकी है। प्रदेश में बीफार्मा और डीफार्मा की 9 हजार 509 सीटें थी। वहीं एमफार्मा की मात्र 629 सीटें हैं। कई चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी मौजूदा सत्र में थोक में सीटें खाली रह गई थी। इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की तरह सरकारी फॉर्मेसी कॉलेजों को ही छात्र प्राथमिकता दे रहे हैं।

फॉर्मेसी महाविद्यालयों की स्थिति यह है कि कई में दाखिला प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सकी। इनमें से चार फॉर्मेसी महाविद्यालयों ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को खत लिखा कि मान्यता नवीनकरण के लिए प्रतिवर्ष दी जाने वाली राशि से उन्हें राहत दी जाए।

सीएसवीटीयू ने इसका जवाब देते हुए फॉर्मेसी महाविद्यालयों से कहा कि इतनी बड़ी राशि माफ कर पाना उनके वश में नहीं है। अंततः मान्यता नवीनीकरण के अंतिम दिन अर्जी लगाने वाले चार महाविद्यालयों सहित अन्य कॉलेजों ने भी फीस जमा करते हुए मान्यता नवीनीकरण करवा लिए हैं। गौरतलब है कि सत्र 2024-25 में छत्तीसगढ़ में 95 फॉर्मेसी महाविद्यालय हैं। अगले सत्र से 9 नए कॉलेज खुलेंगे।

2018 तक ट्रेन में इलाज के 20 रुपए लगते थे, अब रेलवे ने तय की 100 रुपए कंसल्टेशन फीस

ट्रेन में इलाज मुफ्त नहीं, इमरजेंसी में भी ली जा रही हजार रुपए तक फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेन में तबीयत बिगड़ने पर अगर डॉक्टर से परामर्श या दवा चाहिए तो इसके लिए भी यात्रियों को पैसे देने पड़ रहे हैं। आपातकालीन स्थिति में भी ट्रेन में इलाज निशुल्क नहीं मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने ट्रेन में डॉक्टर से परामर्श का शुल्क 100 रुपए तय किया है, लेकिन टीटीई ट्रेन में डॉक्टर बुलाने 300 से अधिक ले रहे हैं। रायपुर रेलमंडल में टीटीई को आवश्यक दवा उपलब्ध कराई गई थी, ताकि यात्रियों की तबीयत बिगड़ने पर तत्काल मदद मिल सके, लेकिन वर्तमान में दवा के लिए भी यात्रियों को पैसे देने पड़ रहे।

रविवार को जब हरिभूमि ने ट्रेनों में चिकित्सा सेवा की पड़ताल की तो पता चला बिलासपुर से नागपुर के बीच डॉक्टर बुलाने की सुविधा 7 स्टेशनों पर है। मंडल में रायपुर और दुर्ग में इलाज के लिए डॉक्टर को बुलाया जा सकता है। इलाज की सुविधा मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में मिल रही है। डॉक्टर से इलाज कराने के लिए यात्री को 100 रुपए कंसल्टेशन फीस और दवाओं के पैसे अलग से देने होते हैं।

2018 में 20 रुपए था शुल्क

रेलवे लंबे समय से डॉक्टरी सहायता मुहैया कराता आ रहा है। साल 2018 तक इसके लिए 20 रुपए फीस लगती थी। साल 2018 में इस फीस में पांच गुना बढ़ोतरी कर इसे सौ रुपए कर दिया गया। रेलवे ने फीस वृद्धि की वजह बताते हुए कहा था कि इस सुविधा का दुरुपयोग हो रहा था। लोग छोटी-मोटी बीमारी में भी रेलवे के कंट्रोल रूम में मैसेज कर डॉक्टर बुलाने लगे थे, जिससे रेलवे का समय खराब हो रहा था।

रेलवे प्रशासन यात्री के बीमार पड़ने पर डॉक्टर और दवाएं मुफ्त में उपलब्ध नहीं करा पा रहा

टीटीई ने कहा- डॉक्टर बुलाने के लगेंगे 300 रुपए

रविवार को शालीमार एक्सप्रेस के टीटीई से टीम हरिभूमि ने दवा के लिए मदद मांगी। सिरदर्द और उल्टी की दवा मांगने पर टीटीई ने कहा कि डॉक्टर बुलाने के लिए 300 रुपए देने होंगे। अभी बताएंगे तो दुर्ग में मदद मिलेगी। दवा का अतिरिक्त खर्च डॉक्टर ही बता पाएंगे। टीटीई यात्री को सही तरीके से बता नहीं पा रहे हैं कि डॉक्टर से इलाज कराने का कितना पैसा लगेगा। वर्तमान व्यवस्था अनुसार रेलवे प्रशासन डॉक्टर व दवाओं की व्यवस्था करता है तो यात्री को 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक का भुगतान करना पड़ सकता है। कम से कम 200 रुपए तो लगेंगे ही। इसमें 100 रुपए डॉक्टर की फीस और 100 रुपए जनरल दवाओं का शुल्क होगा।

दवा के पैसे यात्री को देने होंगे

विशाखापट्टनम से भगत की कोठी जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में एक मासूम बच्चे को इलाज की आवश्यकता पड़ी थी। डॉक्टर को उसलापुर रेलवे स्टेशन भेजा गया। वहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने बच्चे के लिए दवाइयां दी और 220 रुपए चार्ज लिया। रेलवे अफसरों के मुताबिक, अगर दवाओं की कीमत 1000 रुपए होगी तो वह भी यात्री को ही देनी होगी।

धान खरीदी पूरी, उपार्जन केंद्रों से 46.70 लाख मीट्रिक टन का उठाव बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चालू खरीफ वर्ष के धान की खरीदी पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा तय लक्ष्य से कम खरीदी हुई, लेकिन यह राज्य में अब तक की रिकार्ड खरीदी है। 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी के बाद अब उपार्जन केंद्रों से सीधे मिलरों को धान उठाने के लिए डीओ दिया जा रहा है। अब तक 103 लाख टन से अधिक का उठाव होने का दावा मार्कफेड ने किया है। शेष 46.70 लाख मीट्रिक टन अब भी खरीदी केंद्रों में बचा है।

- जिला अधिकारियों को उठाव में तेजी लाने के दिए गए निर्देश

धान खरीदी शुरू होने के तीन सप्ताह तक धान का उठाव नहीं होने के कारण वहां बफर स्टॉक काफी अधिक रहा। मार्कफेड ने पहले उन जिलों को संग्रहण केंद्रों से उठाव की अनुमति दी, जहां पर अधिक बफर स्टॉक था। मिलरों द्वारा धान का उठाव शुरू किए जाने के बाद जिलों में कुछ स्थति सुधरी, लेकिन तेजी नहीं आने के कारण अंतिम समय तक पूरा धान नहीं उठ पाया। जिला कलेक्टरों की देखरेख में समितियों के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है।

इन जिलों अधिक धान डंप

खरीदी का कार्य पूरा होने के बाद प्रदेश के कई जिलों के उपार्जन केंद्रों में खुले में धान पड़ा है। धान की सुरक्षा और अब धूप तेज होने के कारण सूखत की चिंता समितियों को सता रही है। इधर मिलर भी डीओ के अनुपात में उठाव में देर कर रहे हैं। ऐसे में फरवरी के अंत तक उठाव पूरा होगा, इस पर संदेह है। जिन जिलों में अब भी अधिक धान का स्टॉक है, उनमें महासमुंद जिले में सबसे अधिक 4.44 लाख मीट्रिक टन, बेमेतरा में 4.19 लाख मीट्रिक टन, बलौदाबाजार में 2.52 लाख मीट्रिक टन, राजनांदगांव में 2.48 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव शेष है।

चुनाव में खपाने लाई मध्यप्रदेश निर्मित 130 पेटी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय के साथ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव जैसे-जैसे चरम पर पहुंच रहा है। प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने शराब, पैसे बांटने के साथ अन्य लुभावने तरीके अपना रहे हैं। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम ने विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के घर में दबिश देकर साढ़े आठ लाख रुपए कीमत की मध्यप्रदेश निर्मित 130 पेटी गोवा शराब जब्त की है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम ने 34(2), 36 तथा 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है।

आबकारी विभाग की टीम ने शराब तस्करी करने के आरोप में खपरी, मुनरेठी निवासी प्रदीप मारकंडे को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग की टीम को जानकारी मिली थी कि पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों के कहने पर

- आबकारी विभाग की टीम ने खपरी में एक घर में छापा मारकर जब्त की शराब

प्रदीप ने किसी दूसरे राज्य से बड़ी मात्रा में शराब तस्करी कर मंगाई है। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर की मदद से पता लगाया कि प्रदीप ने उक्त शराब कहां छिपाकर रखी है। शराब छिपाने की जगह के बारे में जानकारी मिलने पर आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देश तथा आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में एडीईओ टेकबहादुर कुर्रे, आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख, कौशल सोनी एवं नीलम स्वर्णकार की टीम ने छापे की कार्रवाई की।

चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा ध्वनि प्रदूषण कर शांति भंग करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के दौरान प्रत्याशियों द्वारा ध्वनि प्रदूषण कर शांति भंग करने की शिकायत राज्य निर्वाचन आयुक्त से की गई है। शिकायत में कहा गया कि चुनाव प्रचार के लिए गली-मोहल्ले में तेज आवाज में ढोल-नगाड़े बजाने के साथ लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा हैं। नितिन सिंघवी ने अपनी शिकायत में आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश का पालन कराने की मांग की है। डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि निकाय चुनाव के दौरान तेज आवाज में हो रहे प्रचार-प्रसार से आमजन को शांतिपूर्वक जीवन जीने में असीम कष्ट हो रहा है और शांति भंग हो रही है, इसे लेकर जनता में व्यापक रोष है। नितिन सिंघवी की शिकायत में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया गया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में ध्वनि प्रदूषण से संबंधित एक जनहित याचिका भी लंबित है।

- राज्य निर्वाचन आयुक्त से पर्यावरण विभाग के निर्देश का पालन कराने की मांग

आवास एवं पर्यावरण विभाग ने जारी किया था आदेश

आवास एवं पर्यावरण विभाग ने 11 सितंबर 2024 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन साउंड बॉक्स का इस्तेमाल न करे। अगर किसी वाहन में साउंड बॉक्स पाया जाता है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा और वाहन का रिकॉर्ड रखा जाएगा। आदेश में सुबह 6 से रात 10 बजे तक कोई भी ध्वनि प्रदूषण की छूट नहीं दी गई थी।

पंचायत चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे हजारों कर्मचारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान कर्मियों की ड्यूटी ऐसी लगाई है कि प्रदेशभर में हजारों मतदानकर्मी मत देने से वंचित हो जाएंगे। दरअसल निर्वाचन आयोग की ओर से 17 से 23 फरवरी तक होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जो ड्यूटी लगाई गई है। उससे ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों कर्मचारी ड्यूटी के फेर में फंस गए हैं। फिलहाल आयोग के पास भी इसका कोई उपाय नहीं है और वह हल ढूंढने में लगा है। दूसरे गांव में ड्यूटी लगाने के कारण यह समस्या आ रही है। पंचायत चुनाव में लगे मतदानकर्मियों को डाक मतपत्र से वोट का अधिकार नहीं मिलने से कई जिलों में कर्मचारी संघ की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारियों से शिकायत भी की गई है। अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांत अध्यक्ष कमल वर्मा ने कहा, अभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 3 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02 मॉडल्स ने रैंप वॉक कर बिखेरे जलवे

एजूकेशन अपडेट

इंडियन आर्मी में भर्ती शुरू, 5 फरवरी तक कर सकते हैं आवदेन

रायपुर। इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त कर चुके या इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत ऐसे अभ्यर्थी जो इंडियन आर्मी में शामिल होकर देश की सेवा करना चाहते हैं उनके पास बेहतरीन मौका है। इंडियन आर्मी शॉर्ट सर्विस कमीशन भर्ती के लिए आवेदन पत्र भरने की लास्ट डेट 5 फरवरी 2025 निर्धारित है। ऐसे में इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन माध्यम से भारतीय सेना की ऑफिशियल वेबसाइट **joinindianarmy.nic.in** पर जाकर आवेदन पत्र भर सकते हैं। अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कुल 381 रिक्त पदों को भरने के लिए हो रही भर्ती

इस भर्ती के माध्यम से इंडियन आर्मी की ओर से कुल 381 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से शॉर्ट सर्विस कमीशन 64 (पुरुष) के के लिए 350 पद, शॉर्ट सर्विस कमीशन 35 (महिला) के लिए 29 पद, एसएससी (महिला) टेक्निकल के लिए 1 पद और एसएससी (महिला) नॉन टेक्निकल, नॉन यूपीएससी के लिए 1 पद आरक्षित है।

भर्ती के लिए पात्रता एवं मापदंड

इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/ संस्थान से इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त होना आवश्यक है। इसके साथ ही जो अभ्यर्थी इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष/ सेमेस्टर में पढ़ रहे हैं वे भी इस भर्ती में शामिल हो सकते हैं। इस भर्ती में शामिल होने के लिए सभी वर्ग के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी निशुल्क रूप से आवेदन कर सकते हैं अर्थात इंडियन आर्मी की ओर से इस भर्ती के लिए किसी भी प्रकार का आवेदन शुल्क निर्धारित नहीं किया है।

लाइव इवेंट

75 कवियों ने गोष्ठी में घोली छत्तीसगढ़ी भाषा की मिठास

रायपुर। सामाजिक- साहित्यिक संस्था वक्ता मंच ने सिविल लाइन स्थित वृन्दावन हाल में छत्तीसगढी काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें प्रदेशभर के 75 कवियों ने छत्तीसगढी भाषा को प्राथमिक शाला की किताबों का हिस्सा बनाने से जुड़े भावों पर केन्द्रीत काव्य पाठ किया। गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्यकार सुशील भोले ने की। एमए छत्तीसगढी छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू और पत्रकार राजकुमार धर द्विवेदी के विशेष आतिथ्य में गोष्ठी हुई। मंच के संयोजक शुभम साहू ने काव्य गोष्ठी का प्रभावी संचालन किया। इस दौरान अध्यक्ष राजेश पराते ने दुर्ग, भिलाई, राजिम, रायपुर, मुंगेली, बिलासपुर, राजिम, रायगढ़, जांजगीर, तिल्दा नेवरा से आए युवा कवियों का स्वागत किया। इसके साथ ही कवियों ने अपने भावों को श्रोताओं के बीच शब्दों में पिरोया।

महानदी हर पांव पखारे, रामलला...

मोहन श्रीवास्तव ने महानदी हर पांव पंखारे, राम लला ननिहाल, छत्तीसगढ़ दाई के कोरा हमन अब्बड़ खुशहाल..., पेश किया। राजाराम 'रसिक' ने मय आदिवासी अव, आजादी के मय गांधी, धार हंसिया के आन्छी... से श्रोताओं को आजादी की लड़ाई में आदिवासी युवाओं की भागीदारी का भी एहसास कराया। लक्ष्मण वैष्णव ने मोर गांव गंवागे मितान, खोजत हावंव सारे जुआर ले...,काव्य पाठ से ग्रामीण अंचल के बिगड़ते माहौल पर चिंता जताई। अनामिका शर्मा ' शशि' ने देखव लाली लाल टेसू ल बसंत के संदेसा सुनावत हे...से बसंती बयार का स्वागत किया।

समाज इवेंट

हाथों में स्लोगन लिखी पट्टी लेकर निकले आनंद मार्गी, दिया सेवा का संदेश

रायपुर। बैरन बाजार स्थित आनंद मार्ग विद्यालय में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक राज्य स्तरीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दूसरे दिन शनिवार को गुरु सकाश, पांचजन्य पर चर्चा के साथ ही शाम को सेवाकार्य से जुड़ी पट्टी लेकर आनंद मार्गी शोभायात्रा में शामिल हुए। इसमें ध्वज वंदना और सामूहिक साधना की गई। विशिष्ट व्याख्यान दो सत्रों में प्रऊत दर्शन और मानव जीवन में सेवाकार्य पर केंद्रित रहा। समाजसेवा के विविध आयामों पर आचार्य महादेवानंद और आचार्य अर्पितानंद अवधूत ने भी धर्मनिष्ठ मार्गियों के बीच विस्तार से विवेचना की। परमात्मा को खुश करने के लिए भक्ति व सेवाकार्य का मंत्र बाबा श्रीश्री आनंद मूर्ति ने दिया है। इसे बताने के लिए आनंद मार्गी हाथों में स्लोगन लिखी पट्टी लेकर निकले।

शहर भ्रमण के लिए भी निकले

सेमीनार में आनंद मार्ग के वरिष्ठ आचार्य रितेश्वरानंद अवधूत, मननात्मानंद, उत्यागानंद, चितशिवानंद, दीदी आनंद सूचिलेखा ने वैचारिक मंथन के बाद प्रभात फेरी के रूप में शहर भ्रमण के लिए भी निकले। इसमें आचार्य एचएल बोकर, सीएल दासे, भुक्ति प्रधान चंद्रशेखर चंद्राकर, डॉ. सत्यजीत साहू ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। छत्तीसगढ़ समाज अध्यक्ष सुबोध देव, महिला समाज अध्यक्ष मालती परगनिहा एवं संगीता पोमल सहित सौ से भी अधिक प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। बैरन बाजार से होते हुए महिला थाना, कालीबाड़ी चौक से होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंचे।

- शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 6 फरवरी से लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज
- ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड़ एक्टर तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, आयुष्मान खुराना, साथ ही गायक विशाल मिश्रा, सोनू निगम, हार्डी सन्धु जैसे सितारे व छालीवुड के सितारे देंगे परफॉर्मेंस
- 6 फरवरी को ओपनिंग मैच में रैना और धवन होंगे आमने-सामने

स्टेडियम में 100 रुपए में देख सकेंगे लीजेंड 90

दिन में होंगे 2 मैच, ओपनिंग सेरेमनी में तमन्ना और बॉलीवुड सिंगर देंगे परफॉर्मेंस

रायपुर। रायपुर में एक बार फिर क्रिकेट जगत के कई पूर्व अनुभवी सितारे प्रशंसकों को रोमांचित करते नजर आएंगे। 5 जनवरी को सभी सात टीमों के खिलाड़ी रायपुर पहुंच जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था शहर में की गई है। बता दें कि 6 से 17 फरवरी तक मैच रायपुर में खेला जाएगा। अधिकांश दिनों में डबल-हेडर मैच निर्धारित होने के कारण टूर्नामेंट क्वालीफायर की ओर बढ़ेगा और 17 फरवरी को ग्रैंड फिनाले में समाप्त होगा। डबल-हेडर मैच में पहला मैच शाम 4 बजे से रात 7 तक चलेगा, जिसके बाद दूसरा मैच रात 7 के बाद रात 10 तक चलेगा। एक मैच लगभग तीन घंटे का होगा। लीजेंड 90 लीग में 90 बॉल अर्थात 15 ओवर का मैच होगा। क्रिकेट का नया फार्मेट रायपुर में देखने को मिलेगा। 15 ओवर का मैच होने से यह क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करेगा।

सिल्वर 500 और गोल्ड 750

लीजेंड 90 लीग में दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है। बुक मॉय शो में टिकट खरीदी जा सकती है। लीग में सबसे सस्ती टिकट 100 रुपए है, तो वहीं अधिकतम कीमत 1000 रुपए है। ऊपर की ओर सीट 100 में मिलेगी, तो वहीं लोवर सीट 250 और सिल्वर 500 और गोल्ड 750 रुपए रखा गया है। 1000 रुपए प्लेटेनियम टिकट तय किया गया है। अधिक से अधिक दर्शक मैच देखने पहुंचे, इसलिए लीग मैच की टिकट को सस्ती रखी गई है। सभी टीम 6 मैच खेलेगी।

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। स्टेडियम में मेजबान छत्तीसगढ़ वारियर्स और दिल्ली रॉयल की टीमों में भिड़ंत होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के कप्तान सुरेश रैना के धुरंधर और दिल्ली के ब्रिगेड शिखर धवन की अगुवाई में आमने-सामने होंगे। लीग मैच को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।

ओपनिंग सेरेमनी में तमन्ना भाटिया की प्रस्तुति

लीग की ओपनिंग सेरेमनी भव्य रूप से स्टेडियम में होगी, जिसमें बॉलीवुड़ एक्टर तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, आयुष्मान खुराना, साथ ही गायक विशाल मिश्रा, सोनू निगम, हार्डी सन्धु जैसे सितारे व छालीवुड के सितारे परफॉर्मेंस देंगे। आईपीएल के तर्ज पर लोगों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी।

लीजेंड 90 लीग के लिए सभी टीमों के स्क्वॉड

छत्तीसगढ़ वॉरियर्स
सिद्धार्थ कौल, शेल्डन जैक्सन, पवन नेगी, केवॉन कूपर, सुरेश रैना, विशाल कुशवाहा, मार्टिन गुप्टिल, अभिषेक सकुजा, अंबाती रायुडु, अमित वर्मा, गुरुकीरत सिंह मान, अमित मिश्रा, ऋषि धवन, कलीम खान, उन्मुक्त चंद, मनोज सिंह, अभिमन्यु मिथुन, कॉलिन डी ग्रैंडहोम।

दुबई जाइंट्स
शाकिब अल हसन, थिसारा परेरा, केनर लुईस, केविन ओ ब्रायन, ब्रेंडन टेलर, लियाम प्लंकेट, इवेन स्मिथ, एच. मसाकद्जा, रिचर्ड लेवी, ल्यूक फ्लेचर, राहुल यादव, क्रिस्टोफर एम, सिड त्रिवेदी, एस. प्रसन्ना।

गुजरात सैम्प आर्मी
यूसुफ पठान, मोइन अली, ओबस पिएनार, सौरभ तिवारी, केसरिक विलियम्स, जेसल करिया, मिगुएल कमिंस, चंद्रपॉल हेमराज, शापूर जादरान, मुहम्मद अशरफुल, विलियम पर्किन्स, नवीन स्टीवर्ट, चतुरंगा डी सिल्वा, मौसिफ खान।

दिल्ली रॉयल्स
शिखर धवन, लेंडल सिमन्स, दनुश्का गनथिलका, एंजेलो परेरा, सहरद लुम्बा, बिपुल शर्मा, लखविंदर सिंह, राजविंदर सिंह, रेयाद इमरित, रॉस टेलर, जेरोम टेलर, सुमित नरवाल, परविंदर अवाना।

राजस्थान किंग्स
इवेन ब्रावो, अंकी राजपूत, फिल मस्टर्ड, शाहबाज नदीम, फैज फजल, शादाब जकाती, जसकरन मल्होत्रा, इमरान ताहिर, जयकिशन कोलसावाला, राजेश बिश्नोई, कोरी एंडरसन, पंकज राव, सैमुल्ला शिनवारी, रजत सिंह, एशले नर्स, दवलत जादरान, मनप्रीत गोनी।

इस दिन होंगे मैच

- 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ वारियर्स और दिल्ली रायल्स का होगा मैच
- 7 फरवरी को शाम 4 बजे राजस्थान किंग्स और दुबई जाइंट्स और शाम 7 बजे से गुजरात सैम्प आर्मी और बिग बॉयज के बीच भिड़ंत होगी।
- 8 फरवरी को दोपहर 12 बजे पहला मैच दिल्ली रॉयल और राजस्थान किंग्स, वहीं दूसरा मैच 3 बजे से छत्तीसगढ़ वारियर्स और दुबई जाइंट्स के बीच होगा।
- 9 फरवरी को शाम 4 बजे बिग बॉयज और दिल्ली रॉयल, फिर शाम 7 बजे से गुजरात और दुबई जाइंट्स का मैच खेला जाएगा।
- 10 फरवरी को छत्तीसगढ़ वारियर्स और बिग बॉयज, दूसरा मैच राजस्थान किंग्स और गुजरात सैम्प के बीच होगा ।
- 11 फरवरी को दुबई जाइंट्स और हरियाणा ग्लेडिएटर्स और दूसरा मैच दिल्ली रॉयल और गुजरात का होगा।
- 12 फरवरी को राजस्थान किंग्स और बिग बॉयज, दूसरा मैच हरियाणा ग्लेडिएटर्स और छत्तीसगढ़ वारियर्स के बीच खेला जाएगा।
- 13 फरवरी को दिल्ली रॉयल और दुबई जाइंट्स, दूसरा मैच गुजरात और हरियाणा ग्लेडिएटर्स के बीच होगा ।
- 14 फरवरी को बिग बॉयज और दुबई जाइंट्स, फिर शाम को राजस्थान किंग्स और हरियाणा ग्लेडिएटर्स के बीच खेला जाएगा।
- 15 फरवरी को हरियाणा ग्लेडिएटर्स और बिग बॉयज, फिर शाम को मैच छत्तीसगढ़ वारियर्स और राजस्थान किंग्स के बीच होगा।
- 16 को हरियाणा ग्लेडिएटर्स और दिल्ली रॉयल, दूसरा मैच गुजरात और छत्तीसगढ़ वारियर्स के बीच खेला जाएगा।
- 17 फरवरी को ग्रैंड फिनाले

चेट्रीचंड्र महोत्सव जुलूस 30 मार्च को 70 सिंधी पंचायतों ने बांटी जिम्मेदारी

रायपुर। सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान झूलेलाल के चैत्र मास में अवतरण दिवस अवसर पर चेट्रीचंड्र महोत्सव मनाने की परंपरा रही है। इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर लाखेनगर चौक स्थित संत कंवरराम धर्मशाला में रविवार को रायपुर की समस्त 70 सिंधी पंचायतों की बैठक हुई। रायपुर की चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चेट्रीचंड्र महोत्सव सिंधी समाज रायपुर के बैनर तले मनाने के लिए रायपुर की आमंत्रित समस्त सिंधी पंचायतों के मुखियों एवं पंच ने इस महाबैठक में शामिल होकर अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में उपसस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक पंचायत एक झांकी निकालेगी, चेट्रीचंड्र महोत्सव जुलूस 30 मार्च के दौरान होने वाले कचरे को जुलूस के साथ ही साथ सामाजिक संस्था बढ़ते कदम व छापरू पंचायत के 50 युवा स्वयंसेवी विगत 9वर्षों की तर्ज पर ट्रैक्टर द्वारा सफाई करते चलेंगे।

ये रहे उपस्थित

बैठक में अध्यक्ष मन्नूमल, डॉ. भीमनदास बजाज, पूर्व पार्षद लक्ष्मीचंद गुलवानी, झामनदास अठवानी, छग सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, भारतीय सिंधु सभा प्रदेशाध्यक्ष लद्धाराम नैनवानी, गोविंद सिंग वाधवा, समाजसेवी ललित जैसिंघ, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, पूर्व पार्षद व समिति के प्रमुख दीपक कृपलानी, पवन प्रीतवानी, महेश पृथ्वानी, दिनेश अठवानी, बलराम मंधानी, मनीष वाधवानी, जय गोलू केसरवानी, दीपक डोडवानी, राकेश डेंगवानी, राजू तारवानी, इंदर दोदवानी, लालचंद गुलवानी, बालचंद असरानी, सतराम बजाज, दर्शन अठवानी, अशोक कुकरेजा, राजेश वाधवानी, मुरली केवलानी, इंदर दोदवानी, सीए चेतन तारवानी, अशोक नैनवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नृत्य में दिखी छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, नाट्य मंचन ने बटोरीं तालियां

रायपुर। महामाई पारा स्थित पटेल विद्यामंदिर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटेल विद्या मंदिर शिक्षण समिति के संरक्षक यादुराम पटेल थे। उन्होंने छात्रों को टाइम मैनेजमेंट का महत्व समझाते हुए कहा कि सफलता के लिए समय का सही उपयोग बहुत जरूरी है।

छत्तीसगढ़िया थीम पर रंगारंग प्रस्तुतियां

विद्यालय के छात्रों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति को दर्शाने वाली रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें लोक नृत्य, पारंपरिक गीत और नाट्य मंचन शामिल थे। इन प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय देते हुए शानदार परफॉर्मेंस दीं। पूरा आयोजन विद्यार्थियों के उत्साह और जोश से भरपूर रहा। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और संस्कृति के महत्व को भी समझाने में सफल रहा।

एनआईटी रायपुर में टेकफेस्ट आवर्तन का हुआ समापन

रोबो शो में रोबोट 'चिट्टी' ने इंसान की तरह किया डांस स्टूडेंट्स ने ड्रोन रेसिंग से स्पर्धा में बढ़ाया रोमांच

कार्नर न्यूज

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के तकनीकी समिति 'टेक्नोक्रेसी' ने रविवार को वार्षिक टेक-फेस्ट 'आवर्तन 2025' का समापन किया। आवर्तन'25 ने तकनीकी कौशल, नवाचार और प्रतिस्पर्धा की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। इस उत्सव का आयोजन डॉ. मनु वर्धन, प्रोफेसर इन-चार्ज, टेक्नोक्रेसी के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा और रचनात्मक दिमागों की तकनीकी क्षमता को बढ़ाना था। दिनभर में उपस्थितों ने विज्ञान प्रदर्शनी, एस्केप द मेट्रिक्स, जेंगा, कॉर्नहोल, कोड स्प्रिंट रिले, एकोपोलिस, ड्रोन रेसिंग, मॉक सीआईडी, अगोन गेम्स, पिक्सल प्लेग्राउंड, रिवर्स कोडिंग, टेक्नोग्राफिक्स और फुटबॉल ग्राउंड पर अत्यधिक प्रतीक्षित रोबो शो जैसे रोमांचक प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। इन आयोजनों ने छात्रों को अपनी तकनीकी क्षमता, रणनीतिक सोच और समस्या-समाधान कौशल को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया।



टीम केयर कैटलिस्ट बनी ओवरऑल विनर

रोबो शो में चिट्टी नामक रोबोट दिखाया गया, जो इशारों के आधार पर मानवीय क्रियाओं की नकल करते हुए नृत्य और पुश-अप करता था। विज्ञान साइंस एक्जीबिशन के विजेता टीम केयर कैटालिस्ट थी, जबकि टीम स्ट्रेटासेफ ने उपविजेता स्थान हासिल की। प्रत्येक शाखा के लिए विजेता और उपविजेता भी घोषित किए गए और सभी को सम्मानित किया गया।

प्रतिक्रिया के आधार पर डिवाइस में सुधार

समापन समारोह में सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी, एनआईटी आरआरएफआईई के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. अनुज शुक्ला और टेक्नोक्रेसी के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. मनु वर्धन ने भाग लिया। महिलाओं स्वास्थ्य के प्रमुख ब्रांड मातृ के सह-संस्थापक रोनी मोंडल ने 2018 से अपनी यात्रा साझा की, जिसमें आईआईटी पटना के सीड ग्रांट समर्थन, 10,000 यूनिट बेचने और ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर अपने डिवाइस में सुधार पर उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने इसके काम करने के तरीके, पल्स पैटर्न और दर्द कम करने के लाभों के बारे में बताया।

सिटी लाइव

डिजिटल युग में उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा, गोपनीयता का समझाया महत्व

रायपुर। हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में डीपीआईआईटी - आईपीआर चेयर ने सेंटर फॉर इनोवेशन एंड आईपीलॉज के सहयोग से सोशल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट हूज़ आई पीइजइट एनीवे विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम सोशल मीडिया, डिजिटल एंटरटेनमेंट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में बौद्धिक संपदा स्वामित्व, प्रवर्तन, अधिकारों और उत्तरदायित्वों की जटिलताओं पर केंद्रित था। संगोष्ठी की शुरुआत एचएनएलयू के कुलपति प्रो. वी.सी. विवेकानंदन के उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने पिछली शताब्दी में तकनीकी विकास द्वारा संगीत और सिनेमा के परिदृश्य को बदलने की चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे सोशल मीडिया ने इस परंपरागत व्यवस्था को बदलकर व्यक्तियों को रचनात्मकता का अवसर प्रदान किया है।

कानूनों की जटिल चुनौतियों को समझाया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी.आर. रघवेन्दर ने सोशल मीडिया पर रचनात्मकता और उसके त्वरित प्रसार की चर्चा करते हुए आई पी कानूनों की जटिल चुनौतियों पर प्रकाश डाला। अर्पिता भट्ट, लीगल काउंसल ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेटा साझा करने और गोपनीयता से जुड़े मुद्दों को विस्तार से समझाया। उद्घाटन सत्र के बाद डेटरमिनिंग आई पी ओनरशिप ऑफ सोशल मीडिया क्रिएटिव कंटेंट एंड एआई-जनरेटेड कंटेंटः लीगल, एथिकल, एंड पॉलिसी डिसीज़न्स विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में यूजर-जनरेटेड कंटेंट (यू जी सी) और एआई द्वारा निर्मित रचनाओं से जुड़े विधिक ढांचे पर चर्चा की गई।

कैंपस लाइव

पंच तत्व से गंभीर रोग का इलाज संभव प्राकृतिक चिकित्सा का बताया महत्व

रायपुर। बिना दवाओं के पंच तत्व के जरिए से बीपी, शुगर, पीसीओएस जैसी गंभीर बीमारियों से निजात पाने रविवार को चंदखुरी स्थित मंदिर में इफको के द्वारा योग व प्राकृतिक चिकित्सा अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के जरिए बताया कि हमारा देश कृषि प्रधान और ऋषि प्रधान देश रहा है। यदि हम भारत देश को सचमुच एक सशक्त राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो अपने किसानों को जागरूक करके उन्हें मानसिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की हर संभव प्रयास ऋषि मुनियों की विद्या योग, प्राकृतिक चिकित्सा,आयुर्वेद आदि प्राचीन विद्याओं को बहुत बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस दौरान अनामाया द वेलनेस हब संगठन ने बताया कि आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी के जरिए हर रोगों को ठीक किया जा सकता है। डॉ. सविता झा ने बताया कि इन पांच तत्वों के बाद पृथ्वी से औषधि का निर्माण होता है, औषधि से अन्न, अन्न से वीर्य और अंत वीर्य से पुरुष या शरीर उत्पन्न होते हैं। सांसारिक जीवन में इन पांच तत्वों का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के जरिए प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में लोगों को बताया गया। डॉ. झा ने बताया कि सही समय पर अगर पंच तत्व से इलाज कराने पर 10 से 15 दिनों के भीतर ही इसका परिणाम देखने को मिलता है।

छग के 6 जिलों में प्रशिक्षण

वेलनेस संगठन के जरिए पहले चरण में छत्तीसगढ़ के 6 जिलों में शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है। लोगों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी जा रही है। संगठन का कहना है कि पंच तत्व के जरिए पिछले कुछ वर्षों में तेजी से लोगों को बीपी, शुगर, पीसीओएस, पीसीओडी, आर्थोपेडिक, माइग्रेन, अस्थमा, वजन प्रबंधन आदि जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से उबरने में फायदा हुआ है, जो वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के उपयोग के माध्यम से हासिल किया गया है।

इवेंट लाइव

संगीत साधकों ने भजनों से सजाई संगीत संध्या, सुर-ताल की जुगलबंदी खास

रायपुर। शहर के बूढ़ापारा स्थित पंडित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान में रविवार शाम को उत्सव का माहौल रहा। बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा एवं संगीत संध्या का पारंपरिक आयोजन इस बार भी व्यास भवन में किया गया। इसमें गुरु डॉ. एम.श्रीराम मूर्ति और संस्थान के मेंबर्स द्वारा माता सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके साथ ही संगीत संध्या का शुभारंभ किया गया। सभी ने वीणा वादिनी के सामने लय, सुर और ताल से संगीत संध्या को भक्तिमय बनाया। इसमें कावेरी व्यास ने पंडित व्यास द्वारा रचित एवं स्वरबद्ध सरस्वती स्तवन –'ज्ञान दे विज्ञान दे हे हंस वाहिनी सरस्वती' की भावपूर्ण अंदाज में पेश किया।

तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत

सभी के साथ दीपक व्यास ने हारमोनियम तो राकेश देशमुख व सुशील गोल्हानी ने तबले पर संगत किया। श्री व्यास ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचना वीणा वादिनी वरदे..., को खास अंदाज में पेश किया। इस दौरान हर्षल बल्लाल ने साइड रिदम पर शानदार संगत दी। मंच संचालन महेंद्र तिवारी ने करते हुए डॉ. प्रदीप तिवारी को अवसर दिया। उन्होंने 'तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली' की शानदार प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन दीपा व्यास ने किया।

● मिस्टर, मिस एंड मिसेस छत्तीसगढ़ के फिनाले शो में प्रदेशभर के 50 मॉडल्स ने किया रैंप वॉक

मॉडल्स ने रैंप वॉक कर बिखेरे जलवे

गले में धान की बाली, जूट के आभूषण, धोती, हाथ में लाठी और शरीर पर गोदना आर्ट आदिवासी संस्कृति की पहचान है। ऐसा ही एक दृश्य फैशन शो में देखने को मिला, जहां 18-25 साल के युवा देश की संस्कृति को मंच पर प्रस्तुति करते दिखे। फैशन प्रेमियों से सजी शाम शहरवासियों के लिए यादगार रहा। जहां कांकेर, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव, कोंडागांव, बस्तर, बिलासपुर जैसे क्षेत्रों से यूथ फैशन शो में शामिल होने पहुंचे। रविवार को कलर्स मॉल में मिस्टर, मिस एंड मिसेस छत्तीसगढ़ इंडिया 2025 के फिनाले का आयोजन किया गया। फैशन शो के दौरान सभी मॉडल्स इंडिवन वेयर में नजर आए।

ट्रेडिशनल ड्रेस से संस्कृति की झलक

रायपुर। फैशन शो में किसी ने अपनी खूबसूरत आंखों और ड्रेस से, तो किसी ने मदहोश करती मुस्कुराहट, किसी ने अपने जवाब देने के अंदाज से निर्णायकों को इम्प्रैस किया। प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित ऑडिशन में 100 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इनमें से टॉप 50 मॉडल्स का चयन ग्रैंड फिनाले के लिए किया गया। लड़के और लड़कियों ने अपने आत्मविश्वास और मॉडलिंग कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संचालक फैजल खान ने बताया, बीते 12 वर्ष से फैशन शो का आयोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव, भिलाई, बिलासपुर और रायपुर में स्पर्धा का आयोजन किया गया। जहां फाइनल प्रतिभागियों का चयन फिनाले राउंड में किया गया है।

शो में मॉडल्स के टैलेंट को परखा

कार्यक्रम में मॉडल्स अलग-अलग स्टेट के कॉस्ट्यूम में रैंप करते नजर आए। ट्रेडिशनल ड्रेस की बात की जाए तो इससे न केवल संस्कृति की झलक देखने को मिलती है, बल्कि ये हमें भारतीय संस्कृति के विरासत से भी जोड़े रखती है। जब कार्यक्रम में पंजाब, आदिवासी, हिमाचल और साउथ इंडियन का ट्रेडिशनल ड्रेस पहने फाइनलिंस पहुंचे तो शानदार अंदाज में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान ट्रेडिशनल वेस्टर्न, फिटनेस,टैलेंट, क्वेश्चन-आंसर जैसे अलग-अलग राउंड भी हुए, जिसमें मॉडल्स को हर कसौटी पर परखा गया।

फैशन फील्ड में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करना सपना

कांकेर की भूमि नागवंशी ने बताया कि बचपन से मॉडलिंग करने का सपना रहा है। शुरुआती दौर में परिवार के लोग मॉडलिंग काम से नाखुश रहे, लेकिन वक्त के साथ सभी ने मेरे काम को समझा। मेरा सपना है कि मैं नेशनल लेवल पर छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधित्व करूं और प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं को पूरे देश के लोगों तक पहुंचाऊं।

स्कूल के बाद मॉडलिंग

आकाश दुर्गा ने बताया कि स्कूल के बाद मॉडलिंग से अपने कॅरियर की शुरुआत कर रहा हूं। यह पहला मौका है जब मंच पर रैंप वॉक किया। इस प्रतियोगिता के लिए सप्ताह भर से मेहनत जारी है। मॉडलिंग फील्ड में आने से पहले ही फिटनेस पर ध्यान दिया है। यह फील्ड मेरे लिए शौक के साथ पैशन भी बन चुका है।

बच्चों ने विद्या की देवी के सामने किया विद्यारंभ होलिका सजाने पंचमी पर गड़ाई अरंडी

रायपुर। बसंत पंचमी तिथि और उदयातिथि की मान्यता के चलते कई जगह धार्मिक आयोजन किया गया। कई स्कूल-कॉलेजों में सोमवार को भी उदयातिथि के लिहाज से पूजा-अर्चना का क्रम चलेगा। इससे पूर्व रविवार को शहर के महामाया मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ में विधि-विधान से विद्या की देवी की तस्वीर को सजाने के बाद आराधना की गई। इसके साथ ही होलिका दहन के लिए परंपरा का निर्वहन करने के लिए नारियल तोड़कर पांच कंडा के साथ अरंडी की लकड़ी गड़ाई गई। मंदिर ट्रस्ट से जुड़े भावेश ने बताया कि श्री महामाया देवी मंदिर में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन मंत्रोच्चार के साथ किया गया। होलिका दहन की तैयारी अरंडी पेड़ की शाखा गड़ाकर शुरू की गई। 30 दिन यानी एक माह बाद होलिका दहन किया जाएगा। तब तक इस जगह होलिका दहन के लिए लकड़ी इकट्ठा की जाएगी।

किया गया भंडारे का आयोजन

विद्या की देवी का विधि-विधान से रायपुर प्रेस क्लब में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मोतीबाग प्रेस क्लब के सामने पंडाल लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। इसको सफल बनाने में अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, रमन हलवाई, अरविंद सोनवानी, सुधीर तंबोली ने सहयोग दिया। दोपहर 12 बजे शुरू किया गया भोग-प्रसादी वितरण का सिलसिला देर-शाम तक चला। इसमें आस-पास के लोगों ही नहीं, राहगीरों ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को भी बसंत पंचमी उत्सव की धूम मचने वाली है। स्कूल- कॉलेजों में भी सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाएगा।

संस्कार कराने के लिए पहुंचे लोग

गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में बसंत पंचमी के अवसर पर हर वर्ग के लोग अपने बच्चों के साथ सुबह से मां गायत्री के महामंत्रों के जाप के साथ बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचे छोटे बच्चों को मंत्र उच्चारण के साथ विद्यारंभ संस्कार कराया गया। गर्भ से ही शिशुओं को संस्कार मिले, इसके लिए माताओं का पुंसवन संस्कार कराया गया। यज्ञोपवीत संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार और वरिष्ठ परिजनों के शादी की सालगिरह भी मनाया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि शक्तिपीठ में संस्कार उत्सव के बाद यज्ञ हवन की शुरुआत हुई। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

धूमधाम से की गई परमेश्वरी पूजा

दूसरी तरफ बिरगांव देवांगन समाज ने धूमधाम से परमेश्वरी पूजा का आयोजन किया। इस कड़ी में सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली गई। इसमें समाज की महिलाएं भक्ति-भाव से शामिल हुईं। इसमें अतिथि छत्तीसगढ़ देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन, महापौर नंदलाल देवांगन, बिरगांव राज के अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, भीखम देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए। इसमें समाज के युवाओं ने व्यवस्था की कमान संभाली। इनके मार्गदर्शन में दोपहर 12 बजे बच्चों ने सांस्कृतिक मंच सजाया। रात 8 बजे से बालोद की लोक कला मंच से जुडी टोली ने लोगों को उत्सव का माहौल दिया।

मनचाहे जीवनसाथी की तलाश में देशभर से पहुंचे सतनामी युवा

रायपुर। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से शहीद स्मारक भवन में रविवार को सतनामी समाज के विवाहयोग्य युवक-युवतियों का राष्ट्र स्तरीय परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में छग सहित कई राज्यों से आए 1338 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपने लिए भावी जीवनसाथी पसंद किया। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि खचाखच भरे हाल में अपना बायोडाटा प्रस्तुत करने के बाद आपसी वार्तालाप व महिला टीम द्वारा कराई गई काउंसिलिंग तथा आयोजन कमेटी की ओर से विशेषकर युवतियों के परिजनों को सरकारी नौकरी की चाह में उम्र न बढ़ाने की अपील के बाद 265 से भी अधिक परिजनों के बीच रिश्तों की बातचीत आगे बढ़ गई है।

मेगा स्वास्थ्य शिविर से हजारों लाभान्वित

कार्यक्रम में राजश्री सद्भावना समिति की ओर से निशुल्क मेगा स्वास्थ्य स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां दो दर्जन से भी अधिक समाज के वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रतिभागियों तथा उनके हजारों परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें परामर्श के साथ चिकित्सीय लाभ पहुंचाया। कार्यक्रम का प्रसारण पहली बार एलईडी बड़ी स्क्रीन के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे देशभर में समाज के लोगों को सीधे लाइव दिखाकर रिश्ते तय करने की पहल की गई, जिसका फायदा मिला। ऑस्ट्रेलिया, दुबई, हांगकांग, बाली जैसे कई सौ किलोमीटर दूर बैठकर रिश्तों की बाट जोह रहे परिजन मंच पर परिचय दे रहे प्रतिभागियों का बायोडाटा व मोबाइल नंबर नोट कर संपर्क साध रहे थे।

'कला बाजार' प्रदर्शनी में देश के प्राचीन चित्रकला व धरोहर से निर्मित वस्तुओं की बढ़ी डिमांड

यमुना नदी के पत्थरों से तैयार किया स्टोन आर्ट, 300 सौ साल पुराने चर्म चित्रकारी आर्ट में 20 साल तक चमक बरकरार

कार्नर न्यूज

रायपुर। क्राफ्ट्स रूट और कस्तूरी कुंडल द्वारा 'कला बाजार' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यहां देश के 20 राज्यों से कलाकरों ने स्टॉल लगाया गया। प्रदर्शनी में देश के प्राचीन चित्रकला व धरोहर से निर्मित वस्तुएं सजाई गईं, जो शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रदर्शनी के अंतिम दिन सुबह से देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। जहां मधुबनी आर्ट, वुडन आर्ट, लेडर पर्स, स्टोन-मोती से सजा डिजाइनर जूती, ज्वेलरी, स्टोन आर्ट जैसे कई स्टॉल सजाया गया। प्रदर्शनी प्रबंधक ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रही भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है। ऐसे कलाकार जो सालों से पारिवारिक कार्य को निरंतर करते आ रहे, उन्हें मंच देना है।

20 साल बाद भी चमक बरकरार

आंध्रप्रदेश के व्यापारी महेश सिंधी ने बताया कि स्टॉल में डिजाइनर लैंप मौजूद हैं। इसमें आंध्रप्रदेश का लगभग 300 साल पुराना चर्म चित्रकारी आर्ट को दर्शाया गया है। गॉट लेदर पर तैयार लैंप सबसे अनोखा रहा। इसे प्राकृतिक रंगों से हैंडमेड पेटिंग द्वारा बनाया जाता है। वहीं, रंगों के लिए पत्ते, फूल, तना, फल का प्रयोग लिया जाता है, जिसे सूखाकर प्राकृतिक ढंग से बनाया जाता है। इसकी विशेषता है कि 10-20 साल बाद भी लैंप की चमक में कोई बदलाव नहीं देखा जाता है। प्रदर्शनी में 500 से 4-5 हजार तक लैंप लाया गया।

वुड आर्ट में जीव-जंतुओं की जीवंत तस्वीर

अहमदाबाद के मेघव सेठ ने बताया कि स्टॉल में होम डेकोर की वस्तुएं मौजूद हैं। इस वुड आर्ट को तैयार करने में एक सप्ताह का वक्त लगता है। सभी क्राफ्ट को थीम बेस्ड ही बनाया गया है। इसमें मेटल, मशरूम फैब्रिक, वुड की मदद से तैयार किया जाता है। लकड़ी की मदद से पक्षी, पेड़, नदी, पत्ते, मछली, चांद, सितारे जैसी वस्तुएं तैयार की जाती हैं। वुड आर्ट को खास बनाने के लिए डिटेलिंग की जाती है। जैसे- समुद्र के अंदर के नजारे को होम डेकोर में शामिल करने के लिए समुद्री जीवन, पेड़-पौधे बनाते हैं। साथ ही, जीव-जंतुओं के शरीर के बनावट को भी लकड़ी की मदद से जीवंत दर्शाने का प्रयास किया जाता है।

प्रदर्शनी में स्टोन आर्ट आकर्षण का केंद्र

इंदौर के राकेश तिवारी ने बताया कि सामान्य पत्थरों की मदद से वॉल हैंगिंग तैयार किया गया है। यमुना नदी की तट पर रंग-बिरंगे सैकड़ों पत्थर मौजूद हैं, जिसे छोटे-बड़े आकार में एकत्र किया जाता है। जिसके बाद पत्थरों में स्टोरी ढूंढने की कोशिश की जाती है। दुकान में मौजूद सभी वॉल हैंगिंग लोगों को मेसेज दे रही हैं। इसमें मां-बच्चा, गुब्बारे के साथ खेलती बच्ची, नाव, पक्षियों का जोड़ा, कुत्ता और व्यक्ति जैसे कई किरदार मौजूद हैं। इसकी कीमत 2500-4000 रुपए तय किया गया है। प्रदर्शनी में वॉल हैंगिंग की खरीदी सबसे अधिक युवाओं ने की है।

सिटी स्पोर्ट्स

आईसीएसआई रायपुर चैप्टर क्रिकेट टूर्नामेंट के साथ आयोजित किए विभिन्न खेल

रायपुर। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आई.सी.एस.आई) के पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्ल्यू.आई.आर.सी) के रायपुर चैप्टर ने इस सप्ताहांत एक रोमांचक खेल महोत्सव एवं क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी की, जिसमें पूरे क्षेत्र से इसके सदस्य एवं छात्र शामिल हुए। आपसी सौहार्द और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र से लगभग 200 से अधिक सदस्यों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दिन का मुख्य आकर्षण क्रिकेट टूर्नामेंट था, जिसमें टीमों ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए जमकर प्रतिस्पर्धा की। सभी मैच रोमांच से भरपूर थे, जिसमें नवोदित और अनुभवी दोनों तरह के क्रिकेटरों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह आयोजन न केवल क्रिकेट कौशल दिखाने का एक मंच था, बल्कि सी.एस. पेशेवरों के बीच नेटवर्किंग और टीम भावना का जश्न मनाने का भी मंच था।

खेल महोत्सव का समापन भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेता, उपविजेता और अन्य सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आईसीएसआई के डब्लूआईआरसी के रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष सीएस शुभम कांकानी ने कहा, ₹हम इस पेशे के सभी सदस्यों एवं छात्रों तथा हमारे प्रायोजकों- अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स (एटी ज्वैलर्स), पंडरी, नाकोडा टीएमटी, हीरा ग्रुप और न्यूट्रास्युटिकल स्टार्टअप अर्थसम के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया। यह खेल आयोजन हमारे समुदाय को एक साथ लाने, सीएस पेशेवरों के बीच एकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की भावना को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर होता है । हम भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों की मेजबानी करने के लिए तत्पर हैं।₹

खेल आयोजन आईसीएसआई के रायपुर चैप्टर की प्रबंध समिति द्वारा किया गया था, जिसमें अध्यक्ष सीएस शुभम कांकानी, उपाध्यक्ष सीएस वैभव मोहदीवाले, सचिव सीएस प्रिंस पांडे, कोषाध्यक्ष सीएस लाची मित्तल, सदस्य सीएस शरद कांकानी, सदस्य सीएस तनवीर टुटेजा और सदस्य सीएस रिया थौरानी शामिल थे। यह कार्यक्रम सलाहकार समिति के सीएस संजय मोहता और सीएस अनिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था और सीएस हरिक्षित सिन्हा क्रिकेट टूर्नामेंट के समन्वयक थे।

छत्तीसगढ़ को 38 वे राष्ट्रीय खेल में योगासन में कांस्य

देहरादून। 38वीं राष्ट्रीय खेल में अल्मोड़ा में आयोजित योगासना में आज फाइनल राउंड में आर्टिस्टिक सिंगल्स इवेंट में प्रकाश कुमार साहू ने शानदार प्रदर्शन कर 117.68 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा किया । 38 वे राष्ट्रीय खेल में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी प्रकाश कुमार साहू को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी सहित छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाये प्रदान करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

फुटबॉल में आरकेएम विजेता

भिलाई। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित प्रथम छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 17 फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत रविवार को पंत स्टेडियम भिलाई में ब्रह्मविद एफए रायपुर एवं आरकेएम एफए नारायणपुर के मुकाबला हुआ। जिसमे आरकेएम एफए ने 2 - 0 से जीत दर्ज की।

हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है विश्व कैंसर दिवस

सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरुकता बढ़ी लेकिन जरूरी उपाय अपनाने से महिलाएं अभी भी हैं पीछे

सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन कुछ प्रोएक्टिव उपायों से इस कैंसर को होने से रोका जा सकता है। इसलिए इन जरूरी उपायों को फॉलो करें और स्वास्थ्य में सुधार करें। रविवार, 4 फ़रवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है और इस दिवस को देखते हुए कैंसर जैसे विषय पर जागरुकता बेहद जरूरी है।

सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है, जो महिला के सर्विक्स सेल्स में विकसित होता है। यह यूट्रस का निचला हिस्सा है, जो वेजाइना से जुड़ता है। इस कैंसर को कुछ लोग बच्चेदानी के मुंह के कैंसर के रूप में भी जानते हैं। ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर एक स्पेशल तरह के एचपीवी, सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन के कारण होते हैं। कैंसर का यह रूप भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके इस कैंसर को खुद से दूर रखा जा सकता है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के अचूक उपायों के बारे में मेडिकवर अस्पताल, नवी मुंबई की सीनियर कंस्लटेंट ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी, लेप्रोस्कोपी एंड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, डॉक्टर कल्पना गुप्ता बता रही हैं।

रेगुलर स्क्रीनिंग है जरूरी

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 20 साल से ज्यादा उम्र की सभी लड़कियों और महिलाओं को रेगुलर स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन कराना चाहिए। एचपीवी वैक्सीनेशन सर्वाइकल कैंसर से बचाता है। रेगुलर पैप स्मीयर से सर्विक्स में किसी भी असामान्य बदलाव का शुरू में ही पता लगाया जा सकता है, जिससे जल्द से जल्द ट्रीटमेंट शुरू हो सकता है।

सेफ सेक्सुअल रिलेशनशिप

सर्वाइकल कैंसर से जुड़े एचपीवी और अन्य एसटीडी से बचना चाहते हैं, तो एक ही पार्टनर के साथ सेक्सुअल रिलेशन रखें। इसके अलावा, सेफ सेक्स के लिए कंडोम जैसे उपायों का इस्तेमाल करें।

हेल्दी डाइट

फल, सब्जियों और साबुत अनाज जरूरी विटामिन्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ये इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं, जो एचपीवी जैसे इंफेक्शन से लड़ने के लिए जरूरी है।

स्मोकिंग न करें

क्या आप जानते हैं कि स्मोकिंग छोड़कर भी सर्वाइकल कैंसर के विकास को रोका जा सकता है। इससे आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है और अन्य कैंसर के होने की संभावना भी कम होती है।

अल्कोहल का सेवन कम करें

ज्यादा अल्कोहल लेने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए अल्कोहल का सेवन कम या बिल्कुल न करें। इन बदलावों को डेली रूटीन में शामिल करने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है।

वजन को कंट्रोल में रखें

मोटापे अन्य हेल्थ प्रॉब्लम्स के साथ-साथ सर्वाइकल कैंसर होने के खतरे को भी बढ़ा सकता है। इसलिए, बैलेंस डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज की मदद से अपने वजन को कंट्रोल में रखें।

तनाव कम करें

योग और मेडिटेशन जैसी तकनीकों को अपनाकर तनाव को कम करें। लंबे समय तक तनाव इम्यूनिटी को कमजोर कर देता है, जिससे शरीर बीमारी के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाता है। लेकिन योग और मेडिटेशन जैसी एक्टिविटी इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है।

बच्चे को है हकलाने की समस्या तो न करें नजरअंदाज, नहीं तो पछताएंगे

इस आदत को रोकने के लिए आपको शुरू से ही एहतियात बरतने की जरूरत है। अगर आपका भी बच्चा बात करने के दौरान हकलाता है तो आपको अपने बच्चे में यह समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर बच्चे को दिखाना चाहिए। सही समय पर इलाज कराने से यह समस्या खत्म भी हो जाती है। बचपन में बच्चों के हकलाने या तुतलाने की समस्या बहुत ही सामान्य है। माता-पिता और परिवार वालों को यह आदत काफी क्यूट भी लगती है और वह अपने बच्चे का बार-बार ऐसे बात करते हुए सुनते हैं, लेकिन जब वह बड़े होते हैं तो यही आदत बड़ी समस्या बन जाती है और बच्चे का हर जगह मजाक उड़ाया जाता है। माता-पिता भी बच्चे को दूसरों से बात करने से रोकते हैं, जिससे उन्हें शर्मिंदा न होना पड़े। ऐसे में इस आदत को रोकने के लिए आपको शुरू से ही एहतियात बरतने की जरूरत है। अगर आपका भी बच्चा बात करने के दौरान हकलाता है तो आपको अपने बच्चे में यह समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर बच्चे को दिखाना चाहिए। सही समय पर इलाज कराने से यह समस्या खत्म भी हो जाती है।

क्यों हकलाते हैं बच्चे?

सही से शब्द न बोले पाना- हकलाने की समस्या बच्चों में

तब होती है, जब वह किसी शब्द को ठीक से नहीं बोल पाते हैं।मानसिक तनाव- कभी -कभी यह समस्या बच्चों में मानसिक तनाव के कारण भी होता है। तांत्रिक यंत्र की दिक्कत- अगर बच्चे के तांत्रिक यंत्र में कोई समस्या होती है तो भी उन्हें हकलाने की समस्या होने लगती है।

क्या है हकलाने के लक्षण?

बार-बार शब्दों को दोहरानाः हकलाने की समस्या में बच्चा शब्दों को दोहराता है और उन्हें ठीक से नहीं बोल पाता है। बात पूरी नहीं कर पानाः आपका बच्चा पात पूरी नहीं कर पाता या फिर वाक्यों को अधूरा छोड़ देता है। बोलने में झिझकः बच्चा लोगों के सामने बोलने में झिझकता है या फिर रुक-रुक कर बोलता है।

क्या है इसका इलाज?

डॉक्टर से कराएं जांच। अगर आपका भी बच्चा हकलाता है तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। इसके साथ ही तुरंत इसका इलाज भी शुरू करा दें।

स्पीक थैरेपिस्ट में मिलें

हकलाने के समस्या से निजात पाने के लिए बच्चे से बोलने की एक्सरसाइज करवानी चाहिए। साथ ही लगभग रोज एक स्क्रिप्ट पढ़वानी चाहिए। यही नहीं, आप स्पीक थैरेपिस्ट से भी मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं।

मानसिक तनाव कम करना

हकलाने की समस्या के कारण अगर बच्चे को किसी प्रकार का मानसिक तनाव हो रहा है तो आप उससे बात करें और उसका ध्यान बाकी चीजों जैसे-खेल, संगीत आदि में लगाएं।

फायदे के लिए खाते हैं दलिया तो इसके नुकसान भी जान लीजिए

अगर आप भी हेल्दी मील मानकर दलिया का अधिक से अधिक सेवन कर रहे हैं तो आपको इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जान लेना चाहिए। नोएडा के जनरल फिजिशियन डॉ. सुजीत बरनवाल बताते हैं कि दलिया में कई तरह के विटामिन और खनिज तत्वों के साथ ही हाई फाइबर पाए जाते हैं, जिसके चलते ये सेहत के लिए लाभकारी मानी जाती है। पर इसमें मौजूद हाई फाइबर के कारण इसका अधिक सेवन नुकसानदेह साबित हो सकता है।

पेट की समस्याएं

डॉ. सुजीत बरनवाल के अनुसार, दलिया के अधिक सेवन करने से पेट में गैस, दर्द और ऐंठन की समस्या हो सकती है। ऐसे में जिस लोगों को पेट की समस्याएं होती हैं, उनके लिए दलिया का अधिक सेवन हानिकारक साबित हो सकती है। इसके कारण आंत में सूजन की समस्या हो सकती है।

किडनी संबंधी रोग

दलिया में फास्फोरस जैसा खनिज तत्व काफी अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो किडनी की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। ऐसे में जिन लोगों को किडनी संबंधी समस्या है उन्हे दलिया का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

शरीर में सूजन

हाई फाइबर की मौजूदगी के कारण दलिया के अधिक सेवन से शरीर में सूजन की समस्या हो सकती है। इसके अलावा आवश्यकता से अधिक दलिया खाने से दस्त और उल्टी जैसी दिक्कतें भी पेश आ सकती हैं। इसलिए इनसे बचने के लिए जरूरी है कि दलिया का सेवन सीमित मात्रा में किया जाए।

हमारे हेल्थ एक्सपर्ट सुजीत बरनवाल बताते हैं कि हर रोज 85 से 200 ग्राम के लगभग दलिया का सेवन किया जा सकता है। हालांकि व्यक्ति विशेष की शारीरिक परिस्थिति के अनुसार इसकी मात्रा अलग हो सकती है, जिसके बार में उचित सलाह डॉक्टर शारीरिक परिक्षण के आधार पर दे सकते हैं। इसलिए अगर आपको किसी तरह की शारीरिक समस्या है तो आप इस बारे चिकित्सकीय सलाह ले सकते हैं। वहीं दलिया खाने से होने वाले नुकसान से बचने के लिए जरूरी है कि इसके दिन के मुख्य भोजन में शामिल करने के बजाय सुबह के नाश्ते में इसका सेवन करें। इससे दलिया का पूरा पोषण शरीर को मिलेगा, साथ इसका दुष्प्रभाव भी कम होगा।

बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने की सही दिशा का रखें ध्यान

पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के दिन बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 2 फरवरी और 3 फरवरी को बसंत पंचमी मनाई जा रही है। अब ऐसे में वास्तु के हिसाब से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने का सही नियम क्या है, आपको जानकारी होनी चाहिए।

बसंत पंचमी के दिन वास्तु के हिसाब से स्थापित करें मां सरस्वती की प्रतिमा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की मूर्ति को पूर्व दिशा में स्थापित करना चाहिए। यह दिशा सूर्योदय की दिशा होती है, और इस दिशा में माता की मूर्ति स्थापित करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिशा में माता की मूर्ति स्थापित करके पूजन करने से बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होती है।

मां सरस्वती की प्रतिमा को हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में स्थापित करना चाहिए। इन दिशाओं को ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। प्रतिमा को हमेशा एक साफ और पवित्र स्थान पर स्थापित करना चाहिए। उस स्थान को गंगाजल से शुद्ध कर लेना चाहिए। मां सरस्वती की प्रतिमा हमेशा शांत और सौम्य मुद्रा में होनी चाहिए। उनकी वीणा और पुस्तक उनके ज्ञान और कला का प्रतीक हैं।

मां सरस्वती को पीले रंग के वस्त्र अर्पित करना चाहिए। पीला रंग ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक है। मां सरस्वती की प्रतिमा की नियमित रूप से पूजा करनी चाहिए। उन्हें फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। मां सरस्वती की प्रतिमा को कभी भी अकेले नहीं रखना चाहिए। उनके साथ लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा भी रखनी चाहिए।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

सोफिया ने पुरानी पोस्ट पर मांगी माफी आस्कर के लिए हुई है नामांकित

अभिनेत्री कार्ला सोफिया गैसकॉन ने हाल ही में संगीत आधारित फिल्म 'एमिलिया पेरेज' के लिए ऑस्कर नामांकन पाकर इतिहास रच दिया था। अब वह अपनी पुरानी पोस्ट्स की वजह से विवादों में घिर गई हैं। हालांकि, उन्होंने सोशल मीडिया पर किए गए अपने कुछ पुरानी पोस्ट्स को लेकर माफी मांगी भी मांग ली है। इन पोस्ट्स में उन्होंने इस्लाम और जॉर्ज फ्लॉयड के बारे में विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। बता दें कि 'एमिलिया पेरेज' को ऑस्कर में कुल 13 नामांकन प्राप्त हुए हैं। कार्ला सोफिया गैसकॉन ने शुक्रवार को एक बयान जारी करते हुए कहा, ₹मैं उन लोगों से दिल से माफी मांगती हूं, जिन्हें मैंने दुख पहुंचाया।₹ यह बयान एएफपी को नेटफ्लिक्स की प्रवक्ता के माध्यम से भेजा गया है।

यह विवाद पुराने सोशल मीडिया पोस्ट्स साल 2016 के आस-पास के हैं। इनमें अभिनेत्री ने इस्लाम और मुसलमानों की कड़ी आलोचना की थी। पुरानी पोस्ट्स में उन्होंने इस्लाम को 'एक संक्रमण' और 'मानवता का घिनौना रूप बताया था। इसके अलावा एक अन्य पोस्ट में उन्होंने जॉर्ज फ्लॉयड को नशेड़ी और धोखेबाज कहा था। साल 2020 में पुलिस ने अमेरिका में जॉर्ज की हत्या कर दी थी। इसके बाद वहां बड़े पैमाने पर नस्लवाद विरोधी प्रदर्शन हुए थे। स्पेनिश अभिनेत्री कार्ला सोफिया गैसकॉन को वैश्विक पहचान तब मिली जब उनकी फिल्म 'एमिलिया पेरेज' ने पिछले साल कान फिल्म महोत्सव में कई पुरस्कार जीते।

टॉलीवुड

विजय की जासूसी थ्रिलर फिल्म के शीर्षक को लेकर अभी भी कुहासा

नागा वामसी द्वारा निर्मित आगामी फिल्म 'वीडी 12' के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। कथित तौर पर वीडी 12 का नाम 'साम्राज्यम' रखा गया है। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे की जोड़ी नजर आएगी। विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म 'वीडी 12' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। 'वीडी 12' की रिलीज से पहले इस फिल्म के टीजर का प्रशंसकों को इंतजार है। इस फिल्म के शीर्षक को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। लेकिन अब लगता है फिल्म को एक टाइटल मिल गया है। बहरहाल, कथित तौर पर वीडी 12 का नाम साम्राज्यम रखा गया है। साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा गौतम थिन्नानुरी द्वारा निर्देशित फिल्म वीडी 12 में नजर आएंगे। निर्माता नागा वामसी द्वारा वीडी 12 का शीर्षक तय किए जाने की घोषणा के बाद, फिल्म के शीर्षक के बारे में अफवाहें फैलनी शुरू हो गई हैं। चर्चा के अनुसार, फिल्म का शीर्षक 'साम्राज्यम' है, लेकिन अभी तक फिल्म के शीर्षक की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भारी भरकम बजट में बन रही इस फिल्म में वियज देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। भाग्यश्री को उनकी फिल्म मिस्टर बच्चन में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शीर्षक और एक झलक 7 फरवरी, 2025 को सामने आ सकती है। यह अखिल भारतीय फिल्म सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बीच एक संयुक्त सहयोग है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत तैयार कर रहे हैं। बहरहाल, विजय इन दिनों 'वीडी 12' की शूटिंग में व्यस्त हैं। जानकारी के अनुसार, फिल्म का टीजर 7 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाएगा और निर्माता नागा वामसी ने पहले ही खुलासा कर दिया है ।

भोजपुरी

संजय की भोजपुरी फिल्म 'बेटी अनमोल' आपको कर देगी भावुक

भोजपुरी सिनेमा में एक ओर जहां भरदम एक्शन वाली फिल्में बन रही हैं, वहीं पारिवारिक कहानियों को आज भी खूब सराहा जाता है। त्याग, संघर्ष और रिश्तों की एक ऐसी इमोशनल कहानी पर नई फिल्म आ रही है 'बेटी अनमोल', जिसका ट्रेलर पिछले दिनों रिलीज किया है। इस ट्रेलर की जहां जमकर तारीफ हो रही है, वहीं इसकी भावुक कहानी पर लोग दिल हार रहे हैं। यूट्यूब पर 'सुजय म्यूजिक वर्ल्ड' चैनल पर यह ट्रेलर 28 जनवरी को रिलीज किया गया है, जिसे खबर लिखे जाने तक करीब 1 लाख बार देखा जा चुका है। रमाकांत प्रसाद के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'बेटी अनमोल' में संजय पांडे और परी सिंह लीड रोल में हैं। कहानी एक परिवार की है, जिसमें एक बेटी अपने पिताकी जान बचाने के लिए अपनी किडनी तक दान कर देती है। आगे कहानी में बाप-बेटी का अमूल्य रिश्ता है, बेटी का भविष्य है, उसके लिए उचित वर की तलाश है और भावुक कर देने वाले कई सीन हैं। फिल्म की कास्ट की बात करें, तो इसमें संजय पांडे और परी सिंह के साथ गुलाम मुस्तफा शाह, मधु अवस्थी, रानी जयसवाल, अरुण यादव, प्रियंका चौधरी, संजय सुहाना, शुभम मौर्या, अतुल कुमार, अनुराग गुप्ता, प्रेम चोपड़ा, अनिल गुप्ता, निशार अहमद, दुर्गेश चंद्र यादव, नीलम तिवारी, दिलीप कुमार, रमेश कुमार दुबे, असलम अंसारी, आरती निगम और रेशमा गौतम प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

मेंस फैशन का जलवा

इस साल की शुरूआत में पेरिस में पुरुषों के शो के तुरंत बाद कॉउचर शो हुए, जिससे पेरिस दो सप्ताह के फैशन मैराथन में बदल गया। यहां के मेट्रो स्टेशन और ट्रैफ़िक पर इन शो की वजह से आमजन का ज्यादा दबाव रहा। मेंस फैशन अपनी प्रासंगिकता के लिए संघर्ष कर रहा है, यहां के कलेक्शन देखने के बाद तो ज्यादातर की यही टिप्पणी थी।

लाइफ

चेहरे को चमकाने के काम आती है केसर, जानें इसके इस्तेमाल का सही और आसान तरीका

अक्सर आपने सुना होगा कि शरीर की आंतरिक मजबूती के लिए डॉक्टर्स दूध में केसर डालकर पीने की सलाह देते हैं। बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी केसर काफी फाययदेमंद होता है। जिस तरह से केसर के इस्तेमाल से शरीर तंदरुस्त बनता है, ठीक उसी तरह से चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए भी केसर का इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स की अच्छी मात्रा होती है, जिस वजह से इसके इस्तेमाल से त्वचा पर रैशेज से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही केसर में पाए जाने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण की वजह से चेहरे पर होने वाली खुजली से राहत मिलती है। वैसे तो आपको बाजार में आसानी से केयर से बने फेसपैक मिल जाएंगे, लेकिन बहुत से लोग बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं करते। ऐसे में आप घर पर ही केसर की मदद से फेसपैक तैयार कर सकती हैं। हम आपको घर पर पैक तैयार करने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं।

केसर और दूध

केसर और दूध का सेवन जिस तरह से शरीर के लिए फायदेमंद होता है, ठीक उसी तरह से इसको आप चेहरे पर लगाकर ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस थोड़ा सा दूध लेकर उसमें केसर के 3-4 धागे डालें। अब इसे मिलाकर रूई की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाने में ये आपकी मदद कर सकता है।

केसर और शहद

एक कटोरी में शहद लेकर उसमें तीन से चार केसर के धागे डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे लगाने से पहले चेहरे को गीला जरूर कर लें। चेहरे को गीला करने के बाद पैक को चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरा साफ कर लें। आप इसका इस्तेमाल हर दूसरे दिन कर सकते हैं।

केसर और बादाम

इसका पैक तैयार करने के लिए आपको दूध की भी जरूरत पड़ेगी। इसको तैयार करने के लिए आपको पिसे हुए बादाम और केसर के कुछ धागों की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए कटोरी में पानी लें और बादाम और केसर को एकसाथ भिगोकर रख दें। अगली सुबह इसे पीस लें। ये पेस्ट काफी गाढ़ा होता है, ऐसे मे आप इसे सही करने के लिए दूध का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपकी आंखों के नीचे डार्क सर्कल चेहरे की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं, तो आप केसर की मदद से ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

चाहिए परफेक्ट लुक तो साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

फैशन

साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे कभी भी और कहीं भी पहना जा सकता है। लड़कियों से लेकर हर उम्र की महिला काफी मन से साड़ी पहनती हैं। साड़ी हमारी भारतीय संस्कृति को दर्शाती है। ऐसे में महिलाएं शादी-विवाह के साथ-साथ दफ्तरों में भी साड़ी पहनकर जाती हैं। साड़ी महिलाओं को इसलिए भी पसंद आती है, क्योंकि उसे पहनने के लिए किसी को अपना साइज नहीं देखना पड़ता।

आप चाहे पतली हों, या फिर आपका वजन ज्यादा हो, साड़ी हर किसी के ऊपर काफी जचती है लेकिन कई बार हम साड़ी पहनते वक्त कुछ गलती कर देते हैं। इन गलतियों की वजह से पूरा साड़ी लुक बिगड़ जाता है। ये गलतियां इतनी मामूली होती हैं, कि बहुत सी महिलाओं को तो ये समझ ही नहीं आतीं।

खासतौर पर महिलाओं को इस बात का संशय काफी रहता है कि कहीं वो साड़ी में मोटी तो नहीं लग रहीं। ऐसे में आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको साड़ी पहनते वक्त जरूर रखना चाहिए।

खुला रखें पल्लु

अगर आप चाहती हैं, कि साड़ी में आपका वजन ज्यादा ना दिखे तो आप साड़ी का पल्लु हमेशा खुला ही रखें। अगर आप इसमें प्लीट्स बना देंगी, तो आपके शरीर का ऊपर का भाग हैवी दिखेगा।

साड़ी के वजन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं अपने वजन को लेकर काफी डरी हुई रहती हैं। ऐसे में अगर आपका वजन ज्यादा है तो हमेशा हल्के वजन वाली साड़ी को ही चुनें। अगर आप हैवी साड़ी पहनेंगी, तो आपका वजन और ज्यादा दिखेगा।

शेपवियर देगा परफेक्ट लुक

आप अगर सादा पेटीकोट की बजाय शेपवियर के साथ साड़ी पहनेंगी तो आपका लुक ज्यादा खूबसूरत दिखेगा। शेपवियर की वजह से लुक और प्यारा दिखता है। साड़ी में पतला दिखने के लिए हमेशा डार्क रंग की साड़ी का चयन करें। अगर आप हल्के रंग की साड़ी पहनेंगी तो आपका वजन ज्यादा दिख सकता है।

इस मौसम के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के ये शेड्स, करें ट्राई

मेकअप लुक को कंप्लीट करने के लिए हम लिपस्टिक लगाते हैं, ताकि चेहरे के साथ-साथ लिप्स भी खूबसूरत नजर आए। सर्दियों का सीजन शुरू होते ही हम अपने स्किन केयर और मेकअप प्रोडक्ट को चेंज करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में स्किन ड्राई होने लगती है। लिप्स भी फटने लगते हैं। ऐसे में मैट मेकअप करते हैं तो वो अच्छा नहीं लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप ग्लॉसी मेकअप करें और इसके साथ लिपस्टिक के यहां बताए गए इन 2 शेड्स को ट्राई करें। इससे आपके लिप्स काफी सुंदर नजर आएंगे, साथ ही आपको नए ट्राई करने के लिए मिलेंगे। चलिए आपको बताते हैं सर्दियों के हिसाब से कौन से 2 लिपस्टिक शेड्स हैं जो अच्छे लगेंगे।



डार्क ब्राउन शेड लिपस्टिक करें ट्राई

सर्दियों में लिप्स ड्राई नजर आते हैं और फटने की वजह से उनका कलर भी डार्क हो जाता है। ऐसे में अगर आप रेड लिपस्टिक या पिंक कलर लगाएंगी तो वो होंठों पर अच्छी नहीं लगेगी। इससे बेस्ट है कि आप डार्क ब्राउन कलर लगाएं। इसमें आपको लिक्विड और ग्लॉसी हर एक तरह के कलर मिल जाएंगे। आप चाहे तो चॉकलेट ब्राउन या फिर न्यूड ब्राउन कलर भी ले सकती हैं। इस तरीके शेड्स न्यूड या फिर ब्राउन टोन मेकअप के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इसकी खरीदारी आप ऑनलाइन या फिर मेकअप स्टोर पर जाकर करें, ताकि आपको इसे अप्लाई करके देखने का मौका भी मिले।

न्यूड शेड लिपस्टिक

आप इस विंटर अपने लिप्स के लिए न्यूड शेड लिपस्टिक ले सकती हैं। ये काफी अच्छी लगती हैं और इसे किसी भी ओकेजन (ऑफिस के लिए लिपस्टिक शेड्स) पर लगाया जा सकता है।

लाल, हरी और पीले रंग वाली चूड़ी सेट के ये नए डिजाइंस हैं खास, बसंत पंचमी पर आएंगे काम

हाथों की शोभा बढ़ाने के लिए आप हथेली के आकार के हिसाब से चूड़ी के डिजाइन को चुनना चाहिए। आप चाहे तो इनका एक सेट भी बनाकर पहन सकते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए हम कई तरीके की चूड़ी व कंगन को पहनते हैं। ज्यादातर हम ऐसा किसी ओकेजन में स्टाइलिश दिखने के लिए करते हैं। आजकल मार्केट में हाथों के आकार और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से आपको चूड़ी के सेट मिल जाएंगे। बसंत पंचमी इस बार 2 व 3 फरवरी को मनाई जा रही है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। वहीं इस हम लाल, पीली और हरे रंग जैसे कई कलर्स की चूड़ी सेट पहनी जाती है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं बसंत पंचमी के दिन में पहनने के लिए चूड़ी सेट के नए डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-

लाल रंग के चूड़ी सेट डिजाइन

लाल रंग की चूड़ी लगभग हर तरह के कलर कॉम्बिनेशन वाली आउटफिट क्र साथ पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के साथ अलग-अलग तरह चौड़े साइज वाले कंगन पहन सकती हैं। इसके

अलावा आप लाल रंग की चूड़ी के साथ 4 से 5 अलग कलर्स की पतली चूड़ी को मिलाकर सेट बना सकती हैं। बसंत पंचमी के दिन पीले रंग की चूड़ियां पहनना बेहद शुभ माना जाता है और इसमें आपकोप्लेन से लेकर बारीक नग में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं आप चाहे तो इन्हें भारी और फैंसी लुक देने इ लिए साथ में मीडियम या चौड़े साइज के पर्ल डिजाइन कंगन को पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

ऑफिस कैजुअल लुक के लिए स्वेटर को ऐसे करें स्टाइल, दिखेंगे सबसे अलग

सर्दियों के मौसम की विदाई में स्वेटर भी चुनें फैशन के अनुरूप, लोग आपकी तारीफ करते नहीं थकेंगे

सर्दियों का मौसम अब जल्द ही विदा होने वाला है। ऐसे में ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आपको अपने स्टाइल को बदलने की जरूरत होती है, ताकि आप परफेक्ट नजर आए। हम सभी अपने लुक्स को लेकर हमेशा अपडेट रहते हैं। इसलिए जो भी फैशन ट्रेंड चल रहा होता है तो उसके हिसाब से कपड़े भी खरीदकर रखते हैं ताकि जब उन्हें वियर करें तो हर कोई हमारी तारीफ करें। लेकिन जब बात आती है ऑफिस कैजुअल लुक की तो इसके लिए हम जैकेट, कोट और श्रग खरीदते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है हमारा इन्हें एक ही तरीके से वियर करने का मन नहीं करता है। ऐसे में आप स्वेटर को अलग-अलग तरीके से स्टाइल कर सकती हैं, जिसके तरीके हम आपको बताएंगे।

डेनिम जींस के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्वेटर वियर करना है तो इसके लिए आप लूज डेनिम को पेयर कर सकती हैं। इसके साथ स्वेटर लुक अच्छा लगेगा, साथ ही आप ऑफिस में कम्फर्टेबल रहेंगी। इस फोटो में दीपिका पादुकोण ने भी ऐसे ही स्वेटर को स्टाइल किया हुआ है, साथ में बोल्ड आईमेकअप और एक्सेसरीज को एड किया है। उनके इस लुक को शलिना नथानी द्वारा स्टाइल किया गया है। आप भी अपने ऑफिस के लिए इस लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं।

एक्सेसरीज के साथ स्वेटर को करें स्टाइल

आप ऑफिस कैजुअल लुक के लिए आप स्वेटर के साथ एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए (साड़ी रीयूज) आप वन लेयर चेन नेकलेस या फिर हूप्स इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा लगेगा और आप स्टाइलिश भी लगेंगी। ऐसी ज्वेलरी आप मार्केट से 100 से 200 रुपये में खरीद सकती हैं और ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं।

बेल्ट के साथ करें स्टाइल

अगर आप लूट स्वेटर को वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप इससे आपका लुक कैजुअल लगेगा, साथ ही (पाकिस्तानी सलवार सूट) आपको कुछ अलग ट्राई करने का मौका मिलेगा। इसके लिए आप ब्लैक या फिर ब्राउन दोनों तरह की बेल्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं जिस पर गोल्डन वर्क हुआ हो, ये काफी क्लासी लगती हैं और दिखने में अच्छी लगती हैं।

इन चीजों को करें लुक में एड

अगर आपको लुक और ज्यादा स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप बूट्स, हेयर स्टाइल और मेकअप लुक से भी अपने आपको खूबसूरत दिखा सकती हैं। इससे भी आप अपने ऑफिस

कैजुअल लुक को अच्छा कर सकती हैं। आपकी राय हमारे लिए महत्वपूर्ण है! हमारे इस रीडर सर्वे को भरने के लिए थोड़ा समय जरूर निकालें। इससे हमें आपकी प्राथमिकताओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी।